# शोधशौर्यम्

Website : http://shisrrj.com

ISSN : 2581-6306

Peer Reviewed and Refereed International Journal

: Editor-In-Chief :

Dr. Raj Kumar




Volume 4, Issue 5, September-October-2021

# SHODHSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL

Email: editor@shisrrj.com

Publisher Address :

3 & 4, Sterling Plaza,
Indira Circle, 150 Feet Ring Road,
Rajkot-360005, Gujarat, India

# शोधशौर्यम्

# Shodhshauryam

## International Scientific Refereed Research Journal


[ Frequency: Bimonthly ]

ISSN : 2581-6306

Volume 4, Issue 5, September-October-2021

International Peer Reviewed, Open Access Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

Website URL : www.technoscienceacademy.com

# Advisory/Editorial Board


**Editor-In-Chief**

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

**Associate Editor**

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Prof. Ajit Singh**
  Assistant Professor, Department of MCA, Patna Women's College, Patna, Bihar, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India

---

**Executive Editor**

- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Head of Computer Department, Sigma Institute of Engineering, Vadodara, Gujarat, India

---

**Editors**

- **Dr. Ekkurti Venkateswarlu**
  Assistant Professor in Education, Sri Lal bahadur Sashtri National Sanskrit University, ( Central University ), New Delhi, India

- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

---

**Assistant Editors**

- **Dr. Virendra Kumar Maurya**
  Assistant Professor- Sanskrit, Government P.G. College Alapur, Ambedkarnagar, Uttar Pradesh, India

---

**International Editorial Board**

- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia

- **Onu Peter**
  Asst. Professor, Mechanical Engineering, Kampala International University, Kampala, Uganda

- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom

- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Robbi Rahim**
  Faculty of Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Jl. Jend. Gatot Subroto Km. 4,5 Sei Sikambing, 20122, Medan, Sumatera Utara, Indonesia

- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE
  **Dr. Vaibhav Sundriyal**
  Department of Computer Engineering , Old Dominion University research Foundation, USA (Phd in Computer Engineering from Iowa State University, USA)

- **Dr. Katarzyna Pietrucha-Urbanik**
  Faculty of Civil and Environmental Engineering, Rzeszow University of Technology, Poland

- **Indrasen Poola**
  Data Scientist & Artificial Intelligence - Industry Consultant & Professional Researcher, Palo Alto Networks, Santa Clara, CA, USA

- **Dr. Mohd Muntjir**
  Information Technology Department, College of Computers and Information Technology, Taif University, Al-Hawiya, Taif, Kingdom of Saudi Arabia

- **Vaibhav Sundriyal**
  Research Scientist, Old Dominion University Research Foundation, USA

- **Dr. Elsadig Gamaleldeen**
  Assistant Professor, Omdurman Ahlia University, Sudan

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Bahce Kulturleri Merkez Arastırma Enstitusu, Gıda Teknolojileri Bolumu - Yalova

- **Frank Angelo Pacala**
  Samar State University, Samahang Pisika ng Pilipinas

- **Thabani Nyoni**
  Department of Economics Employers Confederation of Zimbabwe (EMCOZ) , University of Zimbabwe, Zimbabwe

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Central Horticultural Research Institute, Department of Food Technologies, Yalova, TURKEY

- **Dr. Moustafa Mohamed Sabry Bakry**
  Plant Protection Research Institute, A.R.C, Dokii, Giza, Egypt
- **Dr. Muhammad Akram**
  Assistant Professor, Department of Eastern Medicine, Directorate of Medical Sciences, Faculty of Science and Technology, Government College University, Faisalabad, Pakistan
- **Dr. Andie Siahaan**
  Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Indonesia
- **AbdulGaniyu Abdu Yusuf**
  Computer Science, National Biotechnology Development Agency (NABDA), Abuja, Nigeria
- **Dr. M. A. Ashabrawy**
  Computer Science and Engineering, Prince Sattm bin Abdulaziz University, Kingdom Saudi Arabia(KSA), Saudi Arabia
- **Lusekelo Kibona**
  Department of Computer Science, Ruaha Catholic University (RUCU) , Iringa, Tanzania
- **Md. Amir Hossain**
  IBAIS University/Uttara University, Dhaka, Bangladesh
- **Mohammed Noaman Murad**
  Department of Computer Science, Cihan University Erbil, Kurdistan Region, Iraq
- **Sanusi Abdullahi**
  Department of Physics, Usmanu Danfodiyo University Sokoto, Dundaye, Wamakko LGA, Nigeria
  Email : abdullahi.sanusi@udusok.edu.ng
- **Mahasin Gad Alla Mohamed**
  Assistant Professor, Kingdom Saudi Arabia, Jazan University, Faculty of Education - Female Section, Sabya
- **SK. Saidhbi**
  Assistant Professor, Department of Information Systems, University of Gondar, Ethiopia

Editorial Board

- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India

- **Dr. Ganeshwar Nath Jha**
  H.O.D Vyakaran Central Sanskrit University, Ekalavya Campus, Radha Nagar, Agartala Tripura, India

- **Dr. Anita Sengupta**
  Associate Professor, Sanskrit Department, Iswar Saran PG College, University of Allahabad, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India

- **Dr. Sudheer Singh**
  Associate Professor, Amity School of Architecture And Planning, Amity University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India

- **Dr. Shanti Lal Salvi**
  Assistant Professor, Department of Literature, Faculty of Sanskrit Studies, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Ajay Kumar Dwivedi**
  Director, MIMT, N4/7 Karaundi Crossing , BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India

- **Dr. Arvind Bijalwan**
  Associate Professor (Agroforestry), College of Forestry, VCSG Uttarakhand University of Horticulture and Forestry, (A State Government Autonomous University), Ranichauri, Distt.-Tehri Garhwal, Uttarakhand, India

- **K. Jagadeesh**
  Assistant Professor , Noble Group of Institutions, Villupuram, Tamil Nadu, India

- **Rohit Kumar Verma**
  Researcher & Writer, Institute of Law, Jiwaji University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. R. Reka**
  Professor & Head, Department of Computer Science & Engineering, Annai Mathammal Sheela Engineering College, Tamil Nadu, India
- **Dr. Nilamadhab Mishra**
  Post Graduate Teaching & Research Department, School of Computing, Debre Berhan University, Ethiopia, India
- **Dr. S. Ramkumar**
  Department of Computer Applications, Kalasalingam University, Krishnankoil, Sirivilliputhur, Palani, Dindugal, Tamil Nadu, India
- **Prof. Umesh Sehgal**
  Associate Professor, GNA University, Phagwara, Punjab, India
- **Dr. Ikvinderpal Singh**
  Department of Computer Science & Applications, Trai Shatabdi GGS Khalsa College,Amritsar, Punjab, India
- **Dr. Bhasker Mishra**
  Assistant Professor, Department of Political Science, H.N.B.Garhwal Central University, SRT Campus, Badshahithaul, Tehri, Uttarakhand, India
- **Dr. Nirajkumar C. Mehta**
  Associate Professor, Institute of Technology and Management Universe, Vadodara. Gujarat, India
- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ramu Nagarajapillai**
  Associate Professor and UGC Research Awardee, Department of Commerce, Annamalai University , Annamalai Nagar, Chidambaram, Tamil Nadu, India

# CONTENT


| SR. NO | ARTICLE/PAPER | PAGE NO |
|---|---|---|
| **1** | **मन्दाधिगन्तॄणाम् अधिगमविकासे योगप्रभाव:**<br>Ganta Naga Swathi | 01-09 |
| **2** | **बौद्ध काल में ब्राह्मणों का नैतिक पतन**<br>डॉ. अभिजात ओझा | 10-15 |
| **3** | **महिला सशक्तीकरण विशेषकर राजनीतिक सशक्तीकरण**<br>डॉ. मदन कुमार वर्मा | 16-21 |
| **4** | **श्रीमद्भागवतमहापुराण में वैराग्य विद्या का दिग्दर्शन**<br>डॉ. सुमन | 22-27 |
| **5** | **Gender and Imposed Masculinity in The Novels of Earnest Hemingway**<br>Dr. Anita Goswami, Balbir Kaur Bhasin | 28-33 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# मन्दाधिगन्तॄणाम् अधिगमविकासे योगप्रभाव:



**Ganta Naga swathi**
Ph.D Scholar in Education,
National Sanskrit University, Tirupathi, Andhra Pradesh, India

**Article Info**
Volume 4, Issue 5
Page Number : 01-09
**Publication Issue :**
September-October-2021
**Article History**
Accepted : 16 Aug 2021
Published : 01 Sep 2021

सारांशः– छात्रा: स्थूलतया त्रिधेति मनोवैज्ञानिकानां अभिमतं वर्तते, यथा प्रतिभाशालिन:, समान्या, मन्दाधिगन्तारश्चेति परन्तु सामान्येन सर्वेषां अध्यापकानाम्, अभिभावकानां च दृष्टि: प्रतिभाशालिनां, सामन्यच्छात्राणां विकासे एव भवति न तु मन्दाधिगन्तॄणां च्छात्राणां विकासे। अपि च मन्दाधिगन्तार: च्छात्रा: जन्मत: न जायन्ते, ते परिस्थ्यनुसारं, शारीरकमानसिकसांवेगिकानाम् असन्तुलनेन वा जायन्ते। सन्दर्भेस्मिन् मन्दाधिगन्तार: च्छात्रा: इतोऽपि मन्दाधिगन्तार: संजायन्ते। अत: मन्दाधिगन्तॄण् च्छात्रान्पि प्रभावपूर्णमधिगमयितुं, तेषु छात्रेषु मानिकसशारीसकसांवेगिकविकासम् आनेतुं बहवो उपाया: सत्स्वपि योगस्य प्रभाव: मनोवैज्ञानिकीति मे मति: ।

मुख्यशब्दः– छात्रः, अधिगमः, विकासः, योगः, व्यवहारः, जीविनः, परमार्थतः, विकारः, धातोः।

भास्वरेऽस्मिन् संसारे प्राणिमात्रस्य व्यवहारः अधिगमेनैव जायते इत्यत्र नास्ति मनागपि विसंवादः। अतः अधिगमः सर्वदा सर्वत्र च स्वमहन्महत्त्वं धत्ते। यतो हि सर्वे जीविनः जन्मारभ्य मृत्युपर्यन्तं किमपि अधिगच्छन्ति तदनुगुणं व्यवहरन्ति, जीवनं निर्वहन्ति च। अतः मानवमनसि अधिगमविषयिणी जिज्ञासा प्रबलायते, अयमधिगमः मनागत्र विव्रियते।

## अधिगमः (Learning)

अधिगमशब्दः संस्कृतशिक्षावाङ्मये Learning इत्यस्मिन् अर्थे व्यवहारपथमानीतः। वस्तुतः अधिगम्यते इति अधिगमः, अधि इत्युपसर्गपूर्वकः गम् धातोः निष्पन्नः । परमार्थतः अस्यार्थः ज्ञानमित्येव। परन्तु पाश्चात्याः अधिगमशब्दस्य व्युत्पत्तिं कुर्वाणाः व्यवहारपरिवर्तनं यावत् इति तच्छब्दस्य व्युत्पत्तिं मन्वते ।

बहुभिः बहुधा परिभाषाः उक्ताः तत्र सामान्यतया सर्वैरादृता परिभाषा इत्थं दर्शयितुं शक्यते - Learning may be defined as acquisition of any relatively permanent change in behaviour that occurs as a result of practice or experience.

(J.P chaplin, Dictionary of psychology, 1968)

अभ्यासस्य अनुभवस्य वा फलरूपेण व्यवहारे वा ज्ञाने वा जायमानः प्रायः स्थायिविपरिणाम एव अधिगमः। अयञ्च विपरिणामः केवलशरीरविकासेन सहजपरिपक्वतया वा जातः न स्यात् । अर्थात् अधिगमो नाम जीवस्य स्वकीयव्यापारेण तद्व्यवहारे जायमानो विकारः विपरिणामो वा ।

2. Process of acquiring responses as a result of special practice. (J.P chaplin, Dictionary of psychology, 1968)

विशेषाभ्यासफलरूपेण प्रतिक्रियाप्राप्तेः प्रक्रियैव अधिगमः।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

तादृशाधिगम: मानवजीवने प्राकृतिकरीत्या प्रणालीरीत्या च जायते। प्राकृतिकरीत्या नाम अनौपचारिकरीत्या यादृच्छिक अर्थात् सहजतया अधिगमः जायत इत्यर्थः। परन्तु प्रणालीवशात् जायमानः अधिगमःकिञ्चन सिध्दान्तमाधरीकृत्य जायते। एवञ्चायं जनस्य नितरां प्रभावं जनयति।

**अधिगमस्य स्वरूपम्**

अधिगमो नाम व्यवहारे जायमानं सत्सम्बन्धिकपरिवर्तनमिति यदा परिभाष्यते तदा तस्य स्वरूपावगतिः सुतराम् अपेक्ष्यते। अधिगमस्य स्वरूपविषये बहुधा विचाराः अभिव्यज्यन्ते।

सर्वस्यापि जीवत्पदार्थस्य अधिगमः वरायते । सर्वेऽपि जीवाः अधिगमशक्त्या प्रसाधिता वर्तन्ते । विश्वेऽस्मिन् सर्वेऽप्यंशाः राष्ट्रिय-भौगोलिक-मनोविज्ञान- सामाजिक- सांस्कृतिकविभेदान् अतिलङ्घ्य स्वतन्त्रेण अधिगन्तुं शक्यन्ते। अतः अधिगमः सार्वत्रिको भवति। तथा च अधिगमप्रक्रिया सचेतना भवति ।

अधिगमस्य अपरः स्वभावः भवति तदीयसञ्चिताकारत्वम्। गर्भाधानकाले कोशिकासंयोजनात् आरभ्य जीवस्यानुभवाः सञ्चिताः भवन्ति। तथा सञ्चितानुभवाः क्रियाशीलत्वं प्राप्य वातावरणेन परस्परम् अन्तः क्रियां कुर्वाणाः अनुभवस«टने तत्परा भवन्ति। एते अनुभवाः व्यक्तौ आकांक्षा- शक्तिं - सङ्कलनशक्तिं - क्रियाशक्तिञ्च उत्पाद्य विविधावस्थासु विविधरूपेण व्यवहारप्रतिमानानि अर्जयितुमुपकुर्वन्ति। क्वचित् व्यक्तिः पूर्वज्ञानानामनुभवैः अपि तेषां शाब्दिकाशाब्दिकक्रियाभिः उद्दिष्टानुद्दिष्टस्थानान्तरणैश्च अधिगच्छति।

एवञ्च स्थानान्तरणं नाम अधिगमस्य स्वभावान्तरं भवति। तथैव व्यक्तिः विशिष्टं कञ्चन अधिगमं परिस्थित्यन्तरे स्थानान्तरीकर्तुमपि समर्था भवति । एवमधिगमस्य स्थानान्तरं व्यक्तेः व्यक्त्यनन्तरं, समानव्यक्तिनिष्ठं वा भवितुमर्हति। वस्तुतः संस्कृतिः, पूर्वानुभवः इत्यादिकमाश्रित्य अस्मासु परिस्थित्यानुगुण्येन अधिगमस्य स्थानान्तरणं जायते । तथा च अधिगमः सांस्कृतिक- मनोविज्ञान-सामाजिकतत्त्वान्यपि आश्रित्य वर्तते ।

अधिगमो नाम व्यक्तेः परिवेशस्य च मध्ये जायमानाः अन्तःक्रिया एव । इयम् अन्तः क्रिया संस्कृतेः समाजस्य वा प्रतिनिधिरूपा भवितुमर्हति । एवं परस्परं विनिमयात्मिका गतिशीला अन्तः क्रिया एव अधिगमप्रक्रिया इत्युच्यते। अधिगमः चेतनक्रिया भवति । अतः सर्वदा सम्पूर्णाधि- गमप्रक्रियायां तत्परतानामकं तत्त्वमुपस्थितं भवति। कदाचित् व्यक्तिः अधिगमप्रक्रियायाः सोपानानि अविज्ञायापि अधिगमप्रक्रियायां संलग्ना भवति । अधिगमस्य उद्देश्यज्ञानम्, अधिगमव्यूहः, प्रतिपुष्टिः, विधि-प्रविधिरित्यादि अधिगमसम्बन्धिप्रणालीं विनाऽपि व्यक्तौ अधिगमः जायते । यदि व्यक्तिः अधिगमस्योद्देश्यं, व्यूहः, प्रतिपुष्टिः, विधिः, प्रविधिः, मनोविज्ञानम् इत्यादिकमवगच्छति तदा तादृशः अधिगमः सचेतनः सोद्देश्यकः इति ज्ञायते । यतः अधिगमः सचेतनः भवति, अतः गुरुः, पुरस्कारः सन्तृप्तिः, आत्माभिमानम्, आत्ममूल्यम्, आत्मोपलब्धिः, आत्मसाक्षात्कारः इत्यादिविषयाः अधिगमे स्थितं लभन्ते। तथा च चिन्तनं, संवेगः, क्रिया इत्येते अधिगमनियमस्य विषयाः भवन्ति।

अधिगमः विविधप्रकारेण वर्तते । सरलात् प्रेरकप्रतिक्रियाधिगमात् अत्यन्तं जटिलम् अन्तर्दृष्ट्याधिगमं यावत् तस्य प्रकाशः निरूपितः दृश्यते । प्रेरकप्रतिक्रियासम्बन्धमाश्रित्य वर्तमानः अधिगमः सामान्यस्तरीयः भवति। अन्तर्दृष्ट्याधिगमः सर्वतोमुखस«टनरूपः उच्चस्तरीयः अधिगमः भवति। तथापि उभयविधः अधिगमः अपि परस्परं स्वातन्त्र्यं न भजते । अनयोर्मध्ये सर्वदा कश्चन घनिष्ठः सम्बन्धः वर्तत एव । उच्चस्तरीयः अधिगमः सर्वदैव निम्नस्तरीयमधिगमम् अभिव्याप्नोति। एवं निम्नस्तरीयः अधिगमः उच्चस्तरीयस्य अधिगमस्य अनिवार्याङ्गतां भजते ।

सर्वा अपि व्यक्तिः स्वजीविते वातावरणेन समञ्जसनाय चेष्टते । दैनिकजीविते प्राप्यमाणेन अनुभवेन स्वीयसांस्कृतिकानुभवान् संयोज्य सर्वदा समायोजनप्रकारान् अन्विष्यति सा। जीवः जन्मनः आमृत्यु किमपि अधीयानः एव भवति । इयमेव प्राच्यवाङ्मये यावज्जीवश्रुत्या प्रमाण्यते तथा च अधिगमः आजीवनप्रक्रियेति सिद्धम्।

अधिगमस्य अपरः स्वभावः भवति यत्  सः कृत्रिमं प्राकृतिकं वा किञ्चित् संरचनमपेक्षते । तादृश संरचनायाम् अधिगन्ता केन्द्रस्थानम् अधिगृह्णाति। स एव अधिगमस्य विषयः भवति । वातावरणेन परिवेष्टितः जीवः कञ्चन विषयमधिगन्तुं यतते सततम् । अस्यां प्रणाल्याम् अधिगन्ता उद्देश्यम् अभिजानाति। यदि अधिगमः आधिकारिकरूपेण अनुशास्यते तदा अधिगन्ता उद्देश्येन अपरिचितो भवति । एवम् अधिगमस्य कृते कश्चन समुचितः व्यूहः अपेक्षते । सामान्यतः लोके वयं पश्यामः अधिगमस्य अपव्ययं वारयितुम् अधिगन्तारं कश्चन मार्गदर्शकः शिक्षकः, अधिकारी, उपदेष्टा, परामर्शदाता, सहयोगी वा समुचितं मार्गं निर्दिशति । एवमुचितेन दिशाप्रदानेन अधिगन्तुः प्रयासाः सफलीभवन्ति। एतादृशः दिशाप्रदर्शकः एव शास्त्रेषु गुरुः, विधिः, प्रविधिः, आप्तशब्दः इत्यभिधीयते।

अधिगमे अधिगन्ता प्रमुखं स्थानं वहति । अधिगन्तुः, व्यक्तित्वघटकाः, अभिप्रेरणा, पक्वता, प्रशिक्षणं, रुचिः, अभिवृत्तिः, प्रवृत्तिः, जिज्ञासा, स्वाध्यायः इत्यादयः अधिगमप्रणाल्याम् अनिवार्यतया स्थानं भजन्ते। अधिगमे न सर्वे समानाः भवन्ति। केचन वेगेन, केचन सामान्यं, केचन मन्दं च अधिगच्छन्ति। ते यथा -

१. वेगाधिगन्तारः (प्रतिभाशालिनः)

२. सामान्याधिगन्तारः(सामान्याः)

३. मन्दाधिगन्तारः(मन्दबुद्धयः)

इत्येवं रूपेण स्थूलतया अधिगन्तॄण् त्रिधा विभक्तुं शक्यते। एतेषु अन्तिमाः भवन्ति मन्दाधिगन्तारः। एते अधिगमे अत्यन्तं पृष्टतः भवन्ति। विशिष्य श्रवण-भाषण-पठन-लेखनकौशलानां विषये महतीं समस्याम् अनुभवन्ति।

**मन्दाधिगन्तारः** Slow Learners

A "slow learner" is not a diagnostic category, it is a term people use to describe a student who has the ability to learn necessary academic skills, but at rate and depth below average same age peers. ... Reasoning skills are typically delayed, which makes new concepts difficult to learn. (Googol)

मन्दाधिगन्तारः नाम चिकित्सापरिधौ तु न भवन्ति, परन्तु एते बालाः अध्यापकैः, अभिभावकैः, इतरैः च त्यक्ताः भवन्ति, एतेषु सामान्यतया सामर्थ्यं भवति परन्तु एतैः शैक्षिककौशलानि अधिगन्तव्यानि भवन्ति। परं एते छात्राः शैक्षिककौशलेषु समानायुच्छात्रेभ्यः अपेक्षया अधमस्थरे भवन्ति, नूतनसम्प्रत्ययाधिगमे च कष्टमनुभवन्ति। (अन्तर्जालः)

**मन्दाधिगन्तॄणाम् च्छात्राणम् अधिगमसमस्यानां कारणानि :-**

Poor reading and comprehension, Poor cognition (thinking and reasoning),Poor memory, Poor auditory processing, Poor visual processing, Lack of focus, short attention spans, Passive and slow to response, Unable to learn on their own or complete assignments on their own, Functions at ability but significantly below grade level. Is prone to immature interpersonal relationships. Has difficulty following multi-step directions. Lives in the present and does not have long range goals. Has few internal strategies (i.e. organizational skills, difficulty transferring, and generalizing information.) Scores consistently low on achievement tests. Works well with "hands-on" material (i.e. labs, manipulative, activities.) Has a poor self-image. Works on all tasks slowly. Masters skills slowly; some skills may not be mastered at all.

**मन्दाधिगमबालकानाम् सामान्य समस्याः (General Problems of slow learners )**

मन्दाधिगमबालकानाम् एतादृशाः समस्याः भवन्ति । यथा

1) मौखिकरूपेण ध्वन्यात्मकपाठानाम् पठनकाठिन्यम् ।

2) श्रुतलेखनसमये शाब्दिकनिर्देशनै: अवगमने काठिन्यम् ।

3) विविधध्वनीनां प्रत्याभवाने काठिन्यम् ।

4) शाब्दिकारनानामुत्तरप्रकल्पने काठिन्यम् ।

5) अध्यापकानां मौखिकप्रस्तुतीकरणेन अवगमने असमर्थता ।

6) अदृश्यवस्तूनां विषयावगमने असमर्थता ।

7) समानवाणेषु, आकृतिषु भेदस्थापनम् कर्तुं न शक्नुवन्ति ।

8) अधिगस्थानान्तरणे असफलता ।

9) विचाराणाम् भावानाम् अभिव्यक्तीकरणे असफलता।

11) ध्वन्यनुसारेण शब्दानाम् वाचने असमर्थता ।

12) शब्दानामुच्चारणकुशलतायाः अभावः ।

13) अप्रत्यक्षवार्तानामवगाहने काठिन्यानुभूतिः ।

14) पूर्णरूपेण कस्यापि विषयवस्तुनः अवगाहने काठिन्यानुभूति: ।

**अधिगमे प्रभावककारकाणि Influencing Factors of Learning**

**१) अधिगमविधि : (Learning Method)**

अध्यापक: कथं छात्राणां कृते किमपि ज्ञानं प्रददाति ? इत्यस्योपरि अधिगम: आश्रितो भवति । प्रत्येकं छात्र: एकेन विधिनैव प्रभावितो न भवति । यदि बालक: अवैज्ञानिकपद्धत्या अमनोवैज्ञानिकपद्धत्या च शिक्ष्यते तस्मिन् तस्य न्यूना रुचिः भवति । प्रारम्भिककक्ष्यासु क्रीडाविधिना शिक्षणकार्यम् प्रभावपूर्णं भवति । उच्चकक्षास चलच्चित्रमाध्यमेन शिक्षणमुत्तमम् भवति ।

**२) शारीरिकमानसिकञ्च स्वास्थ्यम् (Physical and Mental Health)**

शारीरिकरूपेण मानसिकरूपेण च स्वस्थो बालक: ज्ञानस्य क्रियायाः वा ग्रहणे कुशलो भवति । य: बालक: रुग्णो भवति तस्य पठने लेखने च रुचिर्न भवति । अध्यापक: स्वकार्यस्य सम्पादनार्थमेतैश्छात्रै: बलात्कार्यम् सम्पादयति । अतस्ते रुग्णा: मन्दबुद्धयश्च छात्रा: अध्यापकस्य कक्ष्याया: विद्यालयस्य च विषये पूर्वाग्रहै: ग्रस्ता: भवन्ति । अध्यापकस्य कर्तव्यमस्ति यत् बोधनावसरे स: छात्राणां मानसिकं शारीरिकञ्च स्वास्थ्यं मनसि निधाय पाठयेत् । छात्रानुसारमेव स: अध्यापनविधे: प्रयोगं कुर्यात् ।

**३) उचितवातावरणम् (Proper Environment)** अधिगम: वातावरणेन प्रभावितो भवति । वातावरणं बाह्यं स्यादान्तरिकं वा, गृहस्य स्यात् समुदायस्य वा, विद्यालयस्य स्यात्कक्ष्याया: वा, अधिगमस्य वातावरणं यदि उचितं

भवति तर्हि शिक्षणे काठिन्यं न भवति । कक्ष्यायां प्रकाश:, वायो: प्रबन्धः, स्वच्छतेत्यादयः बाह्यवातावरणस्य सृष्टिं कुर्वन्ति । कस्याश्चित् क्रियाया: ज्ञानस्य वा अधिगमार्थं बालकानां पूर्णसज्जा भवेत्, अध्यापकस्य कर्तव्यमस्ति यत् स: मनोवैज्ञानिकपरिस्थितिमुत्पादयेत ।

**अधिगमे प्रभावककारकाणि Influencing Factors of Learning :-**

**१) शिक्षार्थिसम्बन्धिकारकाणि (Factors belonging to the learner)**

-१) बालक: (Child) ; २) अधिगमेच्छा (Will to Learn) -३) ; शैक्षिकपृष्ठभूमिः (Educational Background) -४) शारीरिकं मानसिकञ्च स्वास्थ्यम् (Physical and Mental Health) ; ५) परिपक्वता (Maturity);६) अभिप्रेरणा (Motivation) ७) अधिगमकर्तुः अभिवृत्तिः (Attitude of the Learner) ८) अधिगमस्य समय: अवधिश्च (Time and duration of learning) ९) बुद्धिः (Intelligence); १०) अधिगमप्रक्रिया (Learning Process)

**२) शिक्षकसम्बन्धिकारकाणि (Factors belonging to teacher)**

१) विषयस्य ज्ञानम् (Knowledge of Subject) -२) शिक्षकस्य व्यवहार: (Teacher's Behaviour)

३) मनोविज्ञानस्य ज्ञानम् (Knowledge of Psychology) ४) शिक्षणविधि: (Method of Teaching) ५) व्यक्तिगतभेदानां ज्ञानम् (Knowledge of Individual difference ६) व्यक्तित्वम् (Personality) ७) बालकेन्द्रितशिक्षा (Child-centred Education) ८) समयसारणी (Time-table) ९) पाठ्यसहगामिक्रिया: (Co-curricular Activities) -१०) अनुशासनम् (Discipline)

**३) पाठ्यवस्तुसम्बन्धिकारकाणि (Factors belonging to the Subject Matter)**

-१) विषयवस्तुन: प्रकृति: (Nature of the Subject)- २) विषयवस्तुन: आकार: (Size of Content) –

३) विषयवस्तुनः क्रम: (Serial order of Content) -४) उदाहरणप्रस्तुतीकरणम् (Illustration presentation) -५) भाषाशैली (Language Style) -६) दृश्य-श्रव्यसामग्री (Audio visual materials) ७) रुचिकरविषयवस्तु (Interesting subject matter) -८) विषयवस्तुन: उद्देश्यपूर्णता (Purposiveness) -९) विभिन्नविषयाणां काठिन्यस्तर : (Difficulty level of various subjects)

**४) अधिगमस्य व्यवस्थासम्बन्धिकारकाणि (Factors related to the management of learning)**

-१) सम्पूर्णेन सह खण्डविधि: (Whole vs. Part Method) |-२) सङ्कलितेन सह वितरितविधि: (Massed vs. Distributed Method) -३) उपविषयेण सह केन्द्रियविधि: (Topical vs. Concentric Method) -४) आयोजितेन सह प्रासङ्गिकविधि: (Organised vs. Incidental Method) _५) सक्रियेण सह निष्क्रियविधि: (Active vs. Passive Method)

**५) वातावरणसम्बन्धिकारकाणि (Factors related to Environment) |**

१) वंशानुक्रम: (Hereditary) .२) सामाजिकवंशक्रमस्य ज्ञानम् (Knowledge of Social Heredity) -३) वातावरणस्य प्रभाव: (Effect of Environment) -४) व्यक्तित्वस्य वातावरणम् (Environment of Personality) -५) परिवारस्य वातावरणम् (Environment of Family) -६) मनोवैज्ञानिकवातावरणम् (Psychological Environment) -७) कक्ष्यायाः भौतिकवातावरणम् (Physical Environment of the class) ८) सामाजिकसांस्कृतिकञ्च वातावरणम् (Social and Cultural Environment) -९) शिक्षाया: अनौपचारिकसाधनानि (Informal means of Education -१०) सम्पूर्णपरिस्थिति: (Situation as a whole)

अनेन इदं वक्तुं शक्यते मन्दाधिगन्तॄणां च्छात्राणां समस्यानां कारणानि बुद्धिशक्ति: अल्पा इति, स्मृतिशक्ते: लोप इति, शारीरक-मानसिक-सांवेगिकानाम् असन्तुलता चेति कारणानि अभिज्ञायन्ते। एतासां समस्यानां परिष्करणार्थं बहवो उपया: वर्तन्ते। तथापि योग: ईदृशानां समस्यानां परिष्कारं शीघ्रमेव सम्पादयतीति मनोवैज्ञानिकानां, अनुसन्धात्र्या: च प्राक्कल्पना: वर्तन्ते।

**योग:** (YOGA) :- Yoga is a mind and body practice with historical origins in ancient Indian philosophy. Various styles of yoga combine physical postures, breathing techniques, and meditation or relaxation.

अतैवोच्यते योग: चित्तवृत्तिनिरोध: (योगसूत्राणि) नाम योग: मनस: तत्सम्बन्धानां इन्द्रियाणां नियन्त्रणं कृत्वा अधिगम्यमानेषु विषयेषु आसक्तिम्, इच्छाम्, बुद्धिविकासं, तार्किकशक्तिं, उत्साहं, अवधानं, रुचिं, कौशलञ्च वर्धयति। तथैव योग: कर्मसु कौशलम् (भगवींता) अर्थात् योगेन क्रियासु कौशलं संवर्धतेति भाव:। अपि च योगेन शारीरकमानसिकसांवेगिकानां विकास:, मानसिकसमस्यानां परिष्कार: च भवितुमर्हतीति मनोवैज्ञानिकानाम् अभिप्राय: वर्तते। अनुसन्धात्र्या: च अभिप्राय: वर्तते।

ऐतिहासिकरूपेण इदं कथनं सुतरां कठिनं वर्तते यत् साम्प्रतं भारते योगविद्यायाः आविर्भावः जातः इति। योगविद्यायाः आविर्भावविषये अनेकेषु ग्रन्थेषु यथाकाले प्रतिपादितं समुपलभ्यते अतः आबहुकालाद् इयं विद्या प्रचलने प्रकाशने चासीदिति। इयं विद्या विश्वे सर्वान् प्राणिनः अनुप्राणितवती। अनया विद्यया एव अनेके स्वीयं सर्वविधलक्ष्य मार्गदर्शनं च प्राप्तवन्तः।

**योगशब्दस्य सामान्यार्थः :-** समन्यरूपेण योगशब्दस्य अर्थः वर्तते- मेलनं योजनं समाधिः संयमनं इति। संस्कृतव्याकरणानुसारन्तु अनेकधातुभि: योगशब्द: निष्पद्यते यथा - युजिर् - योगे,युज्-समाधौ, युज् – संयमने इति। नानाग्रन्थेषु योगस्य वर्णनं प्राप्यतेऽनेके अचार्या: च यथाकालं परिस्थित्यनुगुणं योगं वर्णयन्ति प्रतिपदयन्ति च –

वेदान्तिन: - जीवात्मन: परमात्मन: च समतपूर्णमेलनं योग: इति।

पातञ्जलियोग: - योगश्चित्तवृत्तिनोरोध:।

गीतानुसारम् - योग: कर्मसु कौशलम्।

वसिष्ठानुसारम् -योग: मनस: शान्तिसम्पादनाय कश्चन उत्तम: प्रविधि:।

आगम: - शिवशक्त्यो: ज्ञानमेव योग:।

विवेकान्द: - योग: कश्चन अनुशिष्ट: अभ्यास: वर्तते येन आत्मसाक्षात्कार: च लक्ष्यसिद्धये भवितुर्हति।

उपर्युक्तानां परिभाषाणामाधारेण योग: मानवस्य सर्वाङ्गीणासाधनाय कश्चन उत्तम: मार्गेति ज्ञायते।

**योगस्य आवश्यकता :-**

साम्पतिककाले योगस्य महती आवश्यकता दृश्यते। बहुशः जनाः रोगैः आकान्ताः सन्ति। योगमाध्यमेन एका रोगाणा निवृत्तिः भवति, अपरख जीवने स्फूर्तिरपि जायते। अत्यन्तेऽस्मिन् व्यस्तकाले शारीरिकस्वास्थ्यरक्षणाय योगस्य महती आवश्यकता वरीवर्ति। तस्य मानसिकल्याधयः स्वयमेव व्यपगताः भवन्ति। सः न केवलं कार्येषु सक्रियत्वं निर्वहति अपितु नानाप्रकारकाणि नूतनानि रुचिपूर्णानि कार्याणि अपि साधयति। शारीरिकमानसिकसमस्यानां सर्वतोभावेन परिसमापनाय योगस्य महती आवश्यकतास्तीति। * शारीरिकशुद्धतायै योगः आवश्यकः।

रोगाणां परिसमापनाय योगः आवश्यकः। शारीरिकसौष्ठवपरिरक्षणाय योगः आवश्यकः। शैथिल्यपरिसमापनाय योगः आवश्यकः। शरीरे मृदुताया आनयनाय योगः आवश्यकः। सुसम्यक्रीत्या आसनानि कर्तुं योगः आवश्यकः। स्थूलतायाः न्यूनीकरणाय योगः आवश्यकः । मानसिकस्थिरतायै योगः आवश्यकः। अध्यात्मविकासाय योगः आवश्यकः। नैतिकमूल्यानां वर्धनाय योगः आवश्यकः। सहजतया आसनानां कौशलसम्पादनाय योगः आवश्यकः । अनेकप्रकारेण मानवजीवने योगस्यावश्यकता अस्ति इति।

भारते योगपरम्परा सर्वसम्मततया व्यक्तिः स्वीयं पूर्णविकासं कर्तुं शक्नोति । तत्र शारीरिकान्तरिकक्रियाः अपि आयामत्वेन परिगण्यन्ते एवञ्च छात्रैः अष्टाङ्गयोगस्य परिपालनम् आयामे एवं करणीयं भवति। आयामाः प्राथमिकस्तरे चतुर्था- मानसिकायामः, शारीरिकायामः आध्यात्मिकायामः, सामाजिकायामः योगः एतेषु चतुर्षु आयामेषु स्वीयां भूमिका निर्वहति येन व्यक्तिः स्वीयं विकासं करोति। मानसिकायामे मानसिकरूपेण योगः स्वास्थ्यरक्षणाय नूतनचिन्तनाय व्यवहारपरायणतां च वर्धयितुं सततं प्रयतते। एवञ्च शारीरिकायाम आसनप्राणायामैः षड्क्रियया च मानवस्य शारीरिकदोषाणां पूर्णतया ध्वंसनं नाशो वा जायते। तदर्थं तत्र षडङ्गानि यथाक्रमं परिज्ञातव्यानि एव। आध्यात्मिकायामस्य कृतेऽपि योगः महत्त्वं धारयति यतः योगद्वारा आध्यात्मिकविकासः सुतरां जायते। समाधिपर्यन्तं मूलचक्राणां वियन्त्रणपर्यन्तं सारगर्भिता विषयपरिपालनता च जीवने आयाति। अर्थात् आध्यात्मिकायामः अपि योगस्यैव वर्तते इति। आत्मनियन्त्रणम् आत्मानुशासनम् आत्मज्ञानश्च योगेनैव भवितुं शक्यते। वस्तुतः योगः विज्ञानमस्ति येन स्वास्थ्यं मनोशान्तिः हृदयाह्लादः आत्मबलं च प्राप्यते। निष्कर्षतः गदितुं शक्यते यत् योगः व्यक्तेः समस्तजीवनशैली अस्ति। योगाङ्गानि योगसाफल्याय कायस्य मनस इन्द्रियाणां च शुद्धि कारयन्ति। तदर्थं साधनाष्टकम् आयामत्वेन योगसूत्रे प्रतिपाद्यते। एतद् योगाङ्गनाम्ना व्यवह्रियते। **यम-नियम-आसन-प्राणायाम- प्रत्याहार -धारणा-ध्यान -समाधयः** वर्तन्ते मुख्यतया छात्राधिगमे आसनप्राणायामौ अत्यन्तं प्रामुख्यवहत:। आसनानि छात्राण् सक्रियान् कुर्वन्ति, प्राणायाम: मानसिकसांवेगिकरूपेन सन्तुलनामानयन्ति। तान्यथा –

**आसनस्य महत्त्वम्** :- सततम आसनानाम् अभ्यासेन अनेकविधसमस्यानां समाधानं जायते प्रत्येक व्यक्तिः यत्र रोगरहिता भवति तत्रैव तस्याः सामर्थ्यवर्धन भवति। तच्च यथा -

- ततो द्वन्द्वानभिघातः।
- मुखे कान्तिः उत्पद्यते।
- शरीरसौष्ठवं भवति।
- रोगराहित्यम् करोति।
- मनसः निर्मलत्वम्।
- शान्तेः प्राप्तिः।
- सर्वासां क्रियाणां नियन्त्रणीकरणम्।
- उदरस्य सर्वविधरोगाणां निवारणम्।
- हस्तसामर्थ्यवर्धनम्।
- सन्तोषवृत्तिमनसः सुस्पष्टता तनावमुक्तिः च भवति।

**आसनानां सामान्यं फलम्**

प्रयत्नस्य बहुविधव्यापारेण आसनानि दृढानि जायन्ते। बहुव्यापारानन्तरं य चेदासनानि क्रियन्ते तानि स्थिराणि भवन्ति। साम्प्रतिके काले आसनैः बहुविधसन्तापाः समापयितुं शक्यन्ते अतः आसनानाम् अस्मिन् समये महान्। उपक्रमः वर्तते।

**आसनानां रोगनिवारणप्रक्रमः :-**

रोगाः - आसनानि –

स्थूलता - वज्रासनम्, हस्तोत्तानासनम्, त्रिकोणासनम्, अर्धमत्स्येन्द्रासनम्

मधुमेहः - भुजङ्गासनम्, पश्चिमोत्तानासनम्,पवनमुक्तासनम्,अर्धमत्स्येन्द्रासनम्

अस्थमा - सुखासनम्, चक्रासनम्, गोमुखासनम्, पर्वतासनम्, भुजङ्गासनम्, पश्चिमोत्तानासनम्, मत्स्यासनम्

क्तचापः - ताडासनम्,वज्रासनम्, पवनमुखासनम्, अर्धचक्रासनम्, भुजङ्गासनम्, शवासनम्

पृष्ठपीडा - ताडासनम्, अर्धमत्स्येन्द्रासनम्, वक्रासनम्, शवासनम्, भुजङ्गासनम्

अनेने क्रमेण अनेकेषां रोगाणां निवारणम् आसनैः विधातुं शक्यते इति। अतः अस्मिन् चाकचिक्यमये काले व्यस्तसमाजे चाधिकजीवनेच्छुकैः आसनानि करणीयानि एव।

**प्राणायामः**

यावद्वायुः स्थितो देहे तावज्जीवनमुच्यते।
मरणं तस्य निष्क्रान्तिः ततो वायुं निरोधयेत्॥1॥
चले वाते चलं चित्तं निश्चले निश्चलं भवेत्।
योगी स्थाणुत्वमाप्नोति ततो वायुं निरोधयेत्॥2॥

प्राणायामः – प्राणस्य आयामः इति प्राणायामः।

'श्वासप्रश्वासयोः गतिविच्छेदः प्राणायामः' योग-सू-2/49 अर्थात् प्राणानां स्वाभाविकगतिश्वासप्रश्वासानां स्थगनमेव प्राणायामोऽस्ति। यया क्रियया श्वासप्रक्रिया नियन्त्र्यते, सा क्रिया एव प्राणायामः उच्यते। प्राणायामेन एव मनसः मस्तिष्कस्य च नैर्मल्यं विधीयते। इन्द्रियैरुत्पादिताः दोषाः प्राणायामेन समाप्ताः भवन्ति। प्राणायामेन मनसि मस्तिष्के विद्यमानाः दुःविचाराः नश्यन्ति। मनसि शान्तिः जायते।

असङ्ख्यरोगाः ध्वस्ताः जायन्ते। प्राणायामस्य विशिष्टं महत्त्वं वर्तते वायूनां नियन्त्रणे, तत्रैव श्वासप्रक्रियासम्बद्धाः दश वायवः उक्ताः सन्ति ते च- प्राण-अपान-समान-उदान-व्यान-नाग-कूर्म कल-देवदत्त-धनञ्जयाः इति। उत्तमस्वास्थ्याय एतेषां दशानां वायूनां नियन्त्रण नितराम् अनिवार्यम्। प्राणायामस्य साक्षात्सबन्धः पञ्चभिः प्राणैः वर्तते। सम्पूर्णशरीरस्य कार्यं पञ्चभिः प्राणैरेव जायते- सः एव प्राणायामः इत्युच्यते। एवञ्च प्राणायामस्य अष्टाङ्गयोगस्य च मुख्य लक्ष्यं शरीरस्य अदृश्यानासप्तानां चक्राणां जागरणं वरीवर्ति। तत्र प्राणायामः महत्त्वभूतः वर्तते

**प्राणायामानाम् अनेन प्रकारेण स्वीकरणं विधीयते**

पूरकः -आभ्यान्तरवृत्तिः, श्वासपूर्वको गत्यभाव इति।

कुम्भकः-स्तम्भवृत्तिः यत्र उभयोःश्वासप्रश्वासयोरभावो विचारकप्रयत्न मात्रादेव भवति।

रेचकः –बाह्यवृत्तिः प्रश्वासपूर्वको गत्यभावः इति।

अन्तःस्थानस्य नाम- आन्तरिककुम्भकः।

बहिःस्थानस्य नाम- बाह्यकुम्भकः।

पाणायामस्य प्रमुखप्रकाराः - विविधप्राचीनग्रन्थेषु अनेकप्रकारकाः प्राणायामाः प्रतिपादिताः सन्ति तेषां नामानि

शीतली , भस्त्रिका, मूर्छा उज्जायी, सूर्यभेदनम्, भ्रामरी, चन्द्रभेदनम्, कपालभाती, प्रणवः, केवली, अग्निसारः कुम्भकः, उद्गीथः, नासाग्रः, शीतकारी, प्लावनी, शितायुः , दीर्घ:

एतान् अतिरिच्यापि अनेके प्रणायामाः वर्तन्ते येषां प्रयोगः क्वचित् दृश्यते एव

**प्राणायामस्य महत्त्वम्**

1. प्राणायामेन पापस्य अज्ञानतायाः च नाशो जायते।
2. प्राणायामेन मनः स्थिरं जायते।
3. प्राणायामेन प्रत्याहार-धारण-ध्यानादीनां स्थिरतया संपोषणेन समाधिपर्यन्तम् आयाति।
4. प्राणायामेन शरीरस्य सम्पूर्णविकासो जायते।
5. प्राणायामेन अस्माकं मानसिकविकासो भवति।
6. प्राणायामेन शरीरस्य रोगाः समाप्यन्ते।
7. सकारात्मकता लभ्यते।
8. प्राणायामेन आदिनं व्यक्तिः स्फूर्तियुक्ता जायते।
9. बुभुक्षा वर्धते।

प्राणायामस्य नियमिताभ्यासेन न केवलं मनः एव स्थिरं जायते । शरीरं बलिष्ठं स्थिरं च जायते। शरीरं स्वस्थं मनः शान्तं च तिष्ठति. मनसः प्राणायामः उत्तम साधनमस्ति।

**योगसाधनायाः जीवने महत्त्वम् :-**

शरीरं रोगरहितम् , कार्यसामर्थ्यवर्धनम् , तेजसः वर्धनम्, चित्तस्य नियन्त्रणम् , चिन्तननैर्मल्यम्।

योगसाधनया जीवनम् अत्यन्तं व्यवस्थितम् उत्कृष्टमार्गानुगामि च जायते। निरन्तरतया ये योगसाधनां प्रकुर्वन्ति, तेषां चिन्तनं यथार्थतया व्यवस्थितताम् भजते, तेषां शरीरं पूर्णतया रोगरहितं भवति, रोगाः तेषां सामीप्यम् अपि न भजन्ते। यथाकालं जीवने योगस्य माध्यमेन जायमानानां शारीरिकसमस्यानां शीघ्रतया निवारणं भवति। योगसामर्थ्यम् वर्धते। योगप्रभावेण मानवः अधिककालस्य कार्यम्

अल्पकालेन समापयति। तस्य गुणविकासोऽपि सहजतया जायते सकृत् कृतकार्य बहुधा स्मृतं भवति। तद्व्याजेन सः अधिककालं स्वीय स्मृतिं दृढां कर्तुं शक्नोति। प्रतिनित्यं योगकारणेन मानवतेजसः वर्धनं भवति शारीरिकसामर्थ्यम् अपि वर्धते। मुखं देदीप्यमानं जायते यैः सततं योग्यरीत्य आत्मनः विकासः इष्यते, तैः योगः करणीयः एव। न केवलं मानवानां योगेन तेजः एव वर्धते योगद्वारा चिन्तननैर्मल्यम् अपि सम्पाद्यते यत् योगप्रक्रिया विचाराः मानवात् स्वयमेव निर्गच्छन्ति सः सर्वदा उत्कृष्टचिन्तने निमज्जित भवति स्वीयविचारेण च समाजमेव न मानवजीवनमेव उत्कृष्टसाधनया सवात्तम् करोति इति।

**योगचिकित्सायाः जीवने महत्त्वम् :-**

शारीरिकविज्ञानपरिज्ञानम् स्थिरतया रोगनिवृत्तिः। आत्मविश्वासः। अध्यात्मवृत्तिः। अधिगमप्रवृत्तिः, शारीरिकमानसिकसांवेगिकविकासाः, स्मृतिशक्तिः, बुद्धिशक्तिः, चिन्तनशक्तिः च विकासन्ते। औषधेन एव चिकित्सा शक्यते इति बाहुल्येन जनानां प्रतिवादः, किन्तु योगचिकित्सया न केवलम् रोगाणां समाप्तिः जायते अपितु पुनरेकवारं मानवः पुरातनम् स्वरूप प्राप्नोति इति दृढतया जनैः अनुसन्धानेन साधितम् भवति । योगचिकित्सया आत्मविश्वासः जयते। तेषां विश्वासोऽपि दृढः जायते। योगी योगाचेकित्सया योगोपचारः उचितगुरोः मार्गदर्शने यथार्थसमये दिनपरिचालनपूर्वकमेव प्रकर्तव्यम् इति सर्वसम्मतः नियमः । आध्यात्मिके जनाः योगचिकित्सया शनैः शनैः प्रवृत्ताः भवन्ति। साम्प्रतिके काले योगचिकित्साय: अतितरां महत्त्वं दरीदृश्यते इति ।

**निष्कर्षः** :- च्छात्राः स्थूलतया त्रिधेति मनोवैज्ञानिकानां अभिमतं वर्तते, यथा प्रतिभाशालिनः, समान्या, मन्दाधिगन्तारश्चेति परन्तु सामान्येन सर्वेषां अध्यापकानाम्, अभिभावकानां च दृष्टिः प्रतिभाशालिनां, सामन्यच्छात्राणां विकासे एव भवति न तु मन्दाधिगन्तृणां च्छात्राणां विकासे। अपि च मन्दाधिगन्तारः च्छात्राः जन्मतः न जायन्ते, ते परिस्थ्यनुसारं, शारीरकमानसिकसांवेगिकानाम् असन्तुलनेन वा जायन्ते। सन्दर्भेस्मिन् मन्दाधिगन्तारः च्छात्राः इतोऽपि मन्दाधिगन्तारः संजायन्ते। अतः मन्दाधिगन्तृण् च्छात्रान्पि प्रभावपूर्णमधिगमयितुं, तेषु छात्रेषु मानिकसशारीसकसांवेगिकविकासम् आनेतुं बहवो उपायाः सत्स्वपि योगस्य प्रभावः मनोवैज्ञानिकीति मे मतिः ।

## सन्दर्भग्रन्थाः :-


1. डॉ.च.ल.ना.शर्मा एवं फतेह सिंह - "संस्कृतशिक्षणं नवीनप्रविधयश्च", [2008], प्रकाशनम्, 105-सी, सूर्यनगर, गोपालपुरा बाई पास्, जयपुर - 302015 आदित्य (राजस्थान)

2. बी.पद्ममित्रश्रीनिवास, "शिक्षायाः मनोवैज्ञानिकाधाराः", [2012], जगदीश संस्कृत पुस्तकालय, झालानियों का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर - 302015 (राजस्थान)

3. प्रो.लोकमान्य मिश्र,"आधुनिकं शिक्षामनोविज्ञानम्", [2011], 5/113, विराम खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (उ.प्र.)

4. महर्षि पतञ्जलि के योग सूत्रों पर आलोक भाष्य, वी. के, एस.आयंगर, प्रकाशक - ओरियंटल लॉग्वैज लिमिटेड, नई दिल्ली |

5. पतञ्जलियोगसूत्र, बी, के. एस. आयंगार, प्रभात पेपरबैक्स, संस्करण-2017 | प्रो.सुरेश भटनागर, "शि उस भटनागर, "शिक्षण अधिगम प्रक्रिया का विकास", [2008] आर्.लाल बुक डिपो, निकट गवर्नमेंट इण्टर कालिज, मेरठ, 250001

6. योगदर्शन, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण – 45 I

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# बौद्ध काल में ब्राह्मणों का नैतिक पतन

डॉ0 अभिजात ओझा
असिस्टेंट प्रोफेसर,
प्राचीन इतिहास एवं पुरातत्व विभाग,
नेहरु ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय,
प्रयागराज, उत्तर प्रदेश,भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 5
Page Number : 10-15

**Publication Issue :**
September-October-2021

**Article History**
Accepted : 01 Sep 2021
Published : 08 Sep 2021

**सारांश** – भयपूर्ण वातावरण में बुद्ध ने ऐसी विचारधारा प्रस्तुत की जो जनसाधारण को मनोवैज्ञानिक शांति पहुँचा सके। बुद्ध इस प्रकार की दशा के कारणों की खोज में न पड़कर लोगों के सांसारिक (भौतिक) दुःख की जगह सार्वभौम दुःख के ज्ञान द्वारा उन्हें आदर्श समाधान दिया। ट्रेवर लिंग के अनुसार इस क्षेत्र में कृषि के विकास ने अत्यधिक सघन आबादी एवं नगरीकरण को जन्म दिया और बदले में नगरीकरण ने सामाजिक स्तर पर व्यक्तिवाद को तथा राजनीतिक स्तर पर निरंकुश राजतंत्र को जन्म दिया। व्यक्तिवाद एवं राजतंत्र के विकास ने व्यक्ति की नैतिक एवं आध्यात्मिक सोच को अस्त–व्यस्त कर डाला। इस दुविधा ने मानवीय परिस्थितियों के प्रति असंतोष पैदा किया और बुद्ध के लिए व्यक्तिगत दुखों की यह बात ही उनके मानवीय दशा के विष्लेषण का आरंभिक बिंदु बनी।

**मुख्य शब्द** – बौद्ध, काल, ब्राह्मण, नैतिक, पतन, जनसाधारण, मनोवैज्ञानिक, वातावरण, व्यक्तिवाद।

ब्राह्मण देश के व्यवस्थाकार थे। उनके द्वारा निर्मित विधि–निषेधों से ही समाज का संचालन हो रहा था। अपनी विद्वत्ता, उदारता और साधनाशील जीवन प्रणाली के कारण उन्हें समाज में मूर्धन्य स्थान मिला था। उसके साथ–साथ उन्हें अनेकानेक विशेषाधिकार और सुविधायें भी प्राप्त थीं। परंतु छठीं शताब्दी तक आते–आते हम देखते हैं कि उनका घोर नैतिक पतन हो जाता है। वे

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

अपने साधनामय जीवन से विमुख होकर बहुमुखी सांसारिकता में प्रवृत्त होते हैं। बौद्ध और जैन साहित्य में वे 'अपेता' 'पथ भ्रष्ट' और 'धिक् जाति' कहे गए हैं।

ब्राह्मण व्यवस्था के विरुद्ध एक ओर तो व्यवसायानुसरण के संबंध में निर्मित उसके विधि–निषेधों के प्रति आर्थिक असंतोष था और दूसरी ओर उसके अपव्ययात्मक यज्ञों के प्रति भी। इहलोक और परलोक में परम कल्याण के लिए यज्ञयागादि आवश्यक समझे जाते थे। परंतु ये यज्ञ मनुष्य तब ही कर सकता था जब उसके पास उनके लिए विषेश ज्ञान हो। यह विशेष ज्ञान पुरोहित वर्ग में ही सन्निहित था। अतः यज्ञ कराने के लिए पुरोहित की आवश्यकता थी और पुरोहित भी सदैव एक दो नहीं वरन् अनेक, कभी–कभी तो सत्रह–सत्रह। फिर यज्ञ भी बहुधा दीर्घकालीन होते थे। इन सब बातों के कारण यज्ञ अत्यंत अपव्ययात्मक हो गए थे और उनका कराना सामान्य मनुष्य के सीमित साधनों के परे था। अतः आर्थिक दृष्टिकोण से भी यज्ञों का विरोध अनिवार्य था।

इन समस्त सामाजिक एवं आर्थिक कारणों से उत्पन्न चतुर्दिक असंतोष को ही नवीन धर्मो के प्रचारकों ने प्रकट किया था। बौद्ध साहित्य में अनेक स्थलों पर बुद्ध ने वर्ण–भेद और जाति–भेद की निरर्थकता को प्रतिपादित करते हुए एकमात्र शुद्ध आचार पर बल दिया है।[1] वे स्पष्टतया कहते हैं कि जो कोई जातिववाद में फँसे हैं, गोत्रवाद में फँसे हैं, मानववाद में फँसे, आवाह–विवाह में फँसे हैं, वे अनुपम विद्याचरण सम्पदा से दूर हैं।[2] दूसरे स्थान पर वे आदेश देते हैं कि जाति मत पूँछ, आचरण पूँछ।[3]

बहुदेववाद, वेदवाद, जटिल धार्मिक अनुष्ठान, ब्राह्मणों–पुरोहितो का चारित्रिक पतन, शोषित–दलित जातियों का सामाजिक बहिष्कार, यही वे सामाजिक पीड़ाएँ व असंतोष थे जिनसे त्रस्त होकर जनसाधारण बौद्ध धर्म की ओर आकृष्ट हुआ। जहाँ भेद–भाव न था, मानव मात्र के लिए जगह थी।

नगरीय संस्कृति का उद्भव एवं विकास बुद्ध के जन्म के समय तक हो चुका था। ऐसी संस्कृति का प्रभाव एक साथ कष्टकारक एवं उद्धार करने वाला दोनों तरह का था। प्राचीन सामाजिक धार्मिक व्यवस्था जिसके सिद्धांतों की नींव ब्राह्मण परंपरा के कर्मकांडो पर आधारित थी, वैदिक सभ्यता के पूर्वी क्षेत्रों में अपना प्रभुत्व बनाए रखने में असफल रही। इसके अलावा

नगरीकरण की नई सामाजिक व्यवस्था ने इस वैचारिक शून्यता को और भी बढ़ा दिया था। इसी का परिणाम रहा पूर्णतः नए एवं विस्तृत धार्मिक एवं दार्शनिक चिंतन का उदय। इस प्रकार की आसामान्य परिस्थितियों की विवशताओं ने न केवल इनके नए विश्लेषण खोजे बल्कि नए सामाजिक नियमों के लिए भी पृष्ठभूमि तैयार की। परिणामस्वरूप इस क्षेत्र में लगे अन्वेषकों का एक विशेष वर्ग बड़ी तेजी से पनपने लगा, जिसने नए प्रश्नों एवं उनके संभावित उत्तरों पर ध्यान केंद्रित कर नई सामाजिक व्यवस्था को ढाँचा प्रदान करने का प्रयास किया।

प्रारंभ में कुछ विद्वानों की मान्यता थी कि बौद्ध धर्म विभिन्न प्रकार की प्राक् बौद्ध काल में उत्पन्न परिस्थितियों के विकास (जैसे याज्ञिक कर्मकाण्डों द्वारा जीव हिंसा, अंधविश्वास तथा बौद्धिक गतिरोध का उत्पत्र होना, लिंग एवं जाति आधारित असमानता आदि) के विरुद्ध एक आंदोलन मात्र था। एस. राधाकृष्णन[4] तथा डी.आर. भण्डारकर जैसे विद्वानों की ऐसी मान्यता है कि बौद्ध धर्म एक ऐसी नैतिक व्यवस्था थी जो वैदिक धर्म में उत्पन्न कुरीतियों को दूर करने का प्रयास कर रही थी।[5] राधाकृष्णन तथा भण्डारकर के विचारों में त्रुटि यह थी कि उन्होंने बौद्ध धर्म के आर्थिक तथा सामाजिक आयामों को अनदेखा कर इसे पूर्णतः वैचारिक आंदोलन के रूप में देखा।[6] जी.सी. पाण्डे[7] तथा जी.एस.पी. मिश्रा[8] ने बौद्ध धर्म के उद्‌भव को वैदिकोत्तर तथा प्राक्‌वैदिक श्रमण परंपरा के पुनरुत्थान के रूप में देखा है जो ब्राह्मण धर्म से परे विरक्ति पर आधारित था। उनके विचार में यह परंपरा जिसने संसार निरोध तथा संसार मुक्ति पर जोर दिया, ऋग्वैदिक काल में कार्यषील परम्परा द्वारा दबा दी गई थी। लेकिन श्रमण परंपरा ने स्वयं को पुनर्प्रतिष्ठित किया तथा इसे दुःखी मानवता द्वारा, पाण्डे के अनुसार, तब स्वीकार किया गया जब कार्य तथा पूजा, धन तथा कल्याण, मनुष्य तथा प्रकृति की वैदिक समता कर्कषतापूर्वक तोड़ दी गई।[9] बौद्ध धर्म सबसे अधिक सफल हुआ क्योंकि यह प्राक् वैदिक तथा वैदिकेतर श्रमण परंपरा की अत्यधिक व्यवस्थित तथा सुस्पष्ट अभिव्यक्ति थी। हॉलाकि यह नकारा नहीं जा सकता कि बौद्ध धर्म ने बहुत सी प्राक्–बौद्धकालीन संकल्पनाओं को ग्रहण करने के साथ–साथ इनमें संषोधन किया। परन्तु इस परिकल्पना की कमी यह है कि इसमें बौद्ध धर्म की मौलिकता तथा पूर्णता की ओर ध्यान नहीं दिया गया। जी0 एस0 घुर्ये तथा एन0 दत्त जैसे सामाजिक वैज्ञानिकों ने सुझाव दिया कि बौद्ध धर्म तथा इसके समसामयिक मत ब्राह्मणों के विरुद्ध क्षत्रियों द्वारा सामाजिक वर्चस्व हेतु चलाए गए

संघर्ष का परिणाम थे।[10] उनके अनुसार क्षत्रियों ने अपने महत्व का दावा उस समय करना शुरू किया जब ब्राह्मण याज्ञिक कर्मकाण्डों पर अपने एकमात्र प्रभुत्व द्वारा क्षत्रियों सहित समाज के अन्य वर्णो पर अपनी श्रेष्ठता स्थापित कर चुके थे। क्षत्रियों ने ब्राह्मणों के इस मिथ्याभिमान पर प्रहार करने के उद्देश्य से आम जन समूह विशेषकर समाज के विकासोन्मुख संपन्न वर्गों, जैसे प्रभावशाली व्यापारियों, की सहायता चाही। यद्यपि यह नकारा नहीं जा सकता कि क्षत्रियों ने ब्राह्मणों के इस मिथ्याभिमान पर रोश प्रकट किया, पंरतु ऐसे रोष को ही बौद्ध धर्म जैसे आंदोलनों के उद्भव की पर्याप्त व्याख्या नहीं माना जा सकता है। यह सत्य है कि बुद्ध न केवल क्षत्रिय कुल में पैदा हुए थे, बल्कि तत्कालीन राजाओं ने भी बौद्ध धर्म को सहायता प्रदान की और बौद्ध धर्म द्वारा वर्ण–व्यवस्था में क्षत्रियों को ब्राह्मणों से ऊँचा स्थान दिया गया। इन दो अनुत्पादक वर्गों में कुछ वैमनस्य जो स्वाभाविक था, अवश्य रहा होगा, परंतु इसे अधिक महत्व नहीं दिया जा सकता है। अस्तु टी0डब्ल्यू0 राइस डेविड्स[11] की ऐसी धारणा है कि ऋग्वैदिक काल के जड़ात्मवाद ;दपउपेउद्ध ने जो आत्मन् अर्थात व्यक्तिवाद की पद्धति के रूप में विकसित हुआ, ऐसी हर वस्तु पर प्रहार किया जो सामाजिक रूप से कल्याणकारी थी। इसके विपरीत, बौद्व धर्म ने इस प्रक्रिया को उलटने के लिए इस पर प्रहार किया। ए0एन0बोस का सुझाव है कि बौद्ध धर्म प्रोटेस्टेंट धर्म के समान व्यापारियों तथा राजाओं की उभरती धनाढ्यता का तपोत्पादन था।[12] इसी प्रकार रिचर्ड फिक अनुभव करते हैं कि बहुत से राजाओं का नशापान, क्रूरता, दुश्चरित्रता, विश्वासघात, अधार्मिकता आदि तथा पुरोहितों द्वारा राजाओं को अपनी मनमानी करने में सहयोग देने की तत्परता के कारण जनसाधारण की परिस्थितयाँ अत्यंत विषम हो गई होंगी।[13] राहुल सांकृत्यायन का सुझाव है कि बुद्ध ने समसामयिक सामाजिक प्रवृत्तियों से प्रभावित होकर सौदागरों, राजाओं तथा सूदखोरों के वर्गो के लिए अनुकूल नियम बनाकर उन्हें पुरस्कृत किया।[14] डी0डी0 कोसाम्बी ने कहा कि विभिन्न प्रकार के सामाजिक, आर्थिक तथा राजनीतिक परिवर्तनों ने समाज को विभिन्न स्तरों पर अव्यवस्थित कर दिया था और विकास की विभिन्न अवस्थाओं में ये भिन्न सामाजिक समूह एक साथ उपस्थित थे।[15] उनके विचार में यद्यपि लोहे का प्रयोग उत्तर वैदिक काल में प्रारम्भ हुआ, फिर भी बलि प्रथा के प्रचलन के परिणामस्वरूप आर्थिक संसाधनों पर काफी दबाव पड़ा और इसने बदले में समाज के दो उच्च वर्गो के हितों को उत्पादक वर्ग के विरुद्ध प्रोत्साहित किया। परिणामतः उत्पादक वर्ग ऐसे नए सामाजिक दर्शन की तलाश कर रहा था जो संस्कृति के

निर्विध्न विकास को सुनिश्चित कर सके। मध्य गंगा घाटी में ब्राह्मणीय धारणाओं एवं संस्थाओं के आगमन के कारण उत्पादक वर्ग ब्राह्मणीय सदाशयता को ग्रहण कर सकता था।[16] देवी प्रसाद चट्टोपाध्याय[17] ने कोसाम्बी के मत को रूपांतरित करते हुए इस अवधारणा को प्रस्तुत किया कि चूंकि ब्राह्मणवाद के कर्मकाण्ड युक्त स्वभाव की तुलना में उत्तरवैदिक काल में धार्मिक आंदोलनो का दृष्टिकोण अधिक विस्तृत था, अतः वे इससे संतुष्ट नहीं थे। उनके विचार में जनजातीय संस्थाओं ने अंदर से ही विघटित होना प्रारंभ कर दिया था।[18] विजय एवं विस्तार की उग्र वृद्वि में प्रारंभिक राजतंत्रीय राज्य व्यवस्थित रूप से बची स्वतंत्र जनजातियों के अस्तित्व को मिटा रहे थे और जिन क्षेत्रों पर उनका सीधा प्रभुत्व था वहाँ नीच लोभ, निर्मम व्यभिचार, घृणित धनलोलुपता, सार्वजनिक संपति की स्वार्थपूर्ण लूट जैसे नए अवयव उभर रहे थे जिनसे हाल में पीछे छूटी जनजातियाँ अनभिज्ञ थी।[19] दूसरे शब्दों में व्यक्तिगत संपत्ति की उत्पत्ति, जनजातीय एकात्मकता का अंत, निरंकुश राजतंत्र का उद्भव तथा हिंसा, लोभ जैसी असामाजिक प्रवृतियों के विकास और गिरवी, कर, सूदखोरी जैसी संस्थाओं के विकास ने जनसाधारण को भयभीत कर दिया।

इस प्रकार के भयपूर्ण वातावरण में बुद्ध ने ऐसी विचारधारा प्रस्तुत की जो जनसाधारण को मनोवैज्ञानिक शांति पहुँचा सके। बुद्ध इस प्रकार की दशा के कारणों की खोज में न पड़कर लोगों के सांसारिक (भौतिक) दुःख की जगह सार्वभौम दुःख के ज्ञान द्वारा उन्हें आदर्श समाधान दिया।[20] ट्रेवर लिंग के अनुसार इस क्षेत्र में कृषि के विकास ने अत्यधिक सघन आबादी एवं नगरीकरण को जन्म दिया और बदले में नगरीकरण ने सामाजिक स्तर पर व्यक्तिवाद को तथा राजनीतिक स्तर पर निरंकुश राजतंत्र को जन्म दिया। व्यक्तिवाद एवं राजतंत्र के विकास ने व्यक्ति की नैतिक एवं आध्यात्मिक सोच को अस्त–व्यस्त कर डाला। इस दुविधा ने मानवीय परिस्थितियों के प्रति असंतोष पैदा किया और बुद्ध के लिए व्यक्तिगत दुखों की यह बात ही उनके मानवीय दशा के विष्लेषण का आरंभिक बिंदु बनी।[21]

**संदर्भ :**

1. मज्झिमनिकाय, 2.4.10; 1.4.10; संयुक्तनिकाय, 7.1.9
2. अंबट्ठसुत्त (दीघ नि0 1.3)
3. संयुक्तनिकाय, 7.1.9

4. राधाकृश्णन, एस0, इण्डियन फिलासफी, जिल्द–1, पृ0 352

5. भण्डारकर, डी0आर0, का संदर्भ जी0बी0 उप्रेती द्वारा, दि अर्ली बुद्धिस्ट वर्ल्ड आउटलुक इन हिस्टारिकल पर्सपेक्टिव, दिल्ली, 1977, पृ0 25 पर उद्धृत

6. वही

7. पाण्डे, जी0सी0, स्टडीज इन दि ओरिजिन्स ऑव बुद्धिज्म, पृ0 251–332

8. मिश्रा, जी0एस0पी0, दि एज ऑव विनय, नई दिल्ली 1972

9. पाण्डे, जी0सी0, पूर्वो0, पृ0 62

10. घुर्ये, जी0एस0, कास्ट ऐण्ड रेस इन इण्डिया, पृ0 67 ; दत्त, एन0के0, ओरिजिन ऐण्ड ग्रोथ ऑव कास्ट इन इण्डिया, जिल्द–1, कलकत्ता, 1965

11. राइस डेविड्स, टी0डब्लू0, दि हिस्ट्री ऐण्ड लिट्रेचर ऑव बुद्धिज्म, वाराणसी (पुनर्मुद्रण) 1975, पृ0 26

12. बोस, ए0एन0, दि सोषल ऐण्ड रूरल इकॉनमी ऑव नार्थ ईस्ट इण्डिया, जिल्द–2, पृ0 67

13. फिक, रिचर्ड, सोषल आर्गनाइजेषन इन नार्थ ईस्ट इण्डिया इन बुद्धज टाइम, पृ0 101–102

14. राहुल सांकृत्यायन तथा अन्य, बुद्धिज्म : दि मार्क्सिस्ट अप्रोच, नई दिल्ली 1978

15. कोसाम्बी, डी0डी0, ऐन इंट्रोडक्षन टु दि स्टडी ऑव इण्डियन हिस्ट्री, पृ0 40

16. कोसाम्बी, वही, पृ0 167 तथा आगे

17. चट्टोपाध्याय, डी0पी0, लोकायत, नई दिल्ली, 1978, पृ0 459 तथा आगे

18. चट्टोपाध्याय, वही, पृ0 468

19. चट्टोपाध्याय, वही, पृ0 468

20. चट्टोपाध्याय, वही, पृ0 468

21. ओ0 लिंग, ट्रेवर, दि बुद्ध : बुद्धिस्ट सिविलाइजेषन इन इण्डिया ऐण्ड सीलोन, पृ0 104–117

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# महिला सशक्तीकरण विशेषकर राजनीतिक सशक्तीकरण

**डॉ0 मदन कुमार वर्मा,**
**एसो0 प्रोफेसर, उपाधि महाविद्यालय, पीलीभीत, उ0प्र0**

**Article Info**
Volume 4, Issue 5
Page Number : 16-21
**Publication Issue :**
September-October-2021
**Article History**
Accepted : 03 Sep 2021
Published : 16 Sep 2021

**सारांश :–** स्त्री–पुरुष असमानता का उदय व स्त्रियों को पुनः सशक्त बनाने हेतु उठाये गये कदम।

**मुख्य शब्द :–** सशक्तीकरण, आरक्षण, असमानता, महिलावाद एवं समानता।

सन् 1991 में द्विध्रुवीयता के नष्ट होते ही विश्व–व्यवस्था एक ध्रुवीय हो गयी। अमेरिका विश्व के विभिन्न भागों में अपनी पहुंच व शक्ति के बल पर एक मात्र विश्व स्तरीय शक्ति के रूप में उभरा जिसे उसने खाड़ी युद्ध में सिद्ध किया। एकल ध्रुवीय विश्व स्तरीय व्यवस्था में तमाम मुद्दे विश्व स्तरीय हो गये। जैसे लैंगिंक समानता, मानवाधिकार, पर्यावरण संरक्षण एवं अक्षय विकास इत्यादि। लैंगिक समानता का तात्पर्य महिलाओं को राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक व धार्मिक क्षेत्रों में सशक्त बनाना तथा निर्णय निर्माण प्रक्रिया में भागीदार बनाना ताकि स्कैंडिवियन देशों के समान उन्हें समान प्रतिनिधित्व व अधिकार मिल सके।

प्राचीनकाल में आदिम साम्यवाद प्रचलित था वहाँ स्त्री–पुरूष के मध्य पूर्ण समानता थी किसी प्रकार का भेद–भाव न था। मानव जीवन पूरी तरह से वनेचर था वह झुण्ड़ो में घूमता था कंदमूल–फल–फूल खाकर अपना जीवन निर्वाह करता था। पेट भर खा लेता शेष दूसरे के लिए छोड़ देता था। संचयवृत्ति उसमें न थी यह पूर्ण समानता व स्वतन्त्रता की अवस्था थी। धीरे–धीरे मनुष्य शिकारी बना पशुओं का शिकार करके उनका मांस खाता था। इस दौरान पहिया, कृषि, सम्पत्ति आदि का आविष्कार हुआ। कृषि का आविष्कार होते ही महिलाएं कृषि कार्य में लग गयी और मुनष्य बाहय कार्य करता था। कृषि का आविष्कार महिलाओं ने किया तथा आबादी बढ़ने के

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

साथ महिलाए घर पर कृषि कार्य करने लगी और अन्यलोग बाहर शिकार व अन्य कार्य करते थे जिससे महिलाएं निकट आवास में कैद होकर रह गयी। अर्थात जनसंख्या वृद्धि, कृषि के विकास एवं सम्पत्ति के उदय ने महिलाओं कों पुरूषों का गुलाम बना दिया।

आगे आने वाले दास युग में समाज दो वर्गों से विभाजित हो गया जिसमें एक वर्ग जो भूमि व सम्पत्ति का स्वामी था दूसरा वर्ग जिसे उसने अपना दास बना लिया सामंतीयुग मे भी समाज स्थूल रूप से दो वर्गों सामंत व कृषक में बँट गया जिसमें दोनों मे संघर्ष स्वाभाविक था। पूँजीवादी युग में दो स्पष्ट वर्ग बन गये पूजीपति व श्रमिक वर्ग। जिसमें संघर्ष स्वाभाविक है, इस संघर्ष में श्रमिक वर्ग अपने बहुमत के बल पर पूँजीवाद का विनाश कर एक वर्ग–हीन समाज की रचना करेगा जिसमें प्रत्येक व्यक्ति अपनी क्षमतानुसार कार्य करेगा और आवश्कतानुसार ले जायेगा।

वास्तव में चाहे दासयुग हो या सामन्ती युग अथवा पूँजीवाद युग। स्त्रियाँ हर युग में पुरूषों का गुलाम रही और हर युग के दोनों वर्गों ने उनका शोषण किया। स्त्रियाँ आदिम साम्यवाद के खत्म होते ही पुरूषों का गुलाम बनकर रह गयी इसलिए शायद मार्क्स व ऐंजिल्स ने कहाँ था कि 'मानवता के इतिहास में सबसे बड़ी पराज्य तब हुई जब पुरूषों ने स्त्रियों को अपना गुलाम लिया।'

आधुनिक युग मे महिलावाद का सर्वप्रथम अंग्रेजी में प्रयोग 19वी शदी के आँठवे दशक में किया गया। नारीवाद मानवमात्र की समानता पर आधारित है व्यक्ति, व्यक्ति है चाहे वह स्त्री हो या पुरूष। न कोई पुरूष होने के कारण श्रेष्ठ हो जाता है तथा न कोई व्यक्ति स्त्री होने के कारण निकृष्ट हो जाता है पुरूष की श्रेष्ठता और स्त्री की निकृष्टता की बात प्रकृति ने नही, वरन् समाज ने जोड़ी है। सिमोन ई0 बुआ अपनी पुस्तक The Second Sex में कहाँ है कि ' स्त्रियों का दमन इतिहास और संस्कृति की उपज है तथा इसे एक प्राकृतिक प्रक्रिया नही समझा जा सकता है।' अतः उनका कहना है कि 'औरत पैदा नही होती अपितू बना दी जाती है' नारीवाद की मूलयान्यता यह है कि स्त्री उतनी ही श्रेष्ठ है जितने की पुरूष तथा स्त्रियों को जीवन के सभी क्षेत्रों में पुरूषों के समान भागेदारी निभाने का अधिकार और अवसर मिलने चाहिए और स्पष्ट शब्दों में सशक्तीकरण का तात्पर्य सत्ता और शक्ति का विकेन्द्रीकरण ताकि महिलाओं एवं अन्य वंचित वर्ग को निर्णय–निर्माण प्रक्रिया में भागीदार बनाया जा सके।

राजनीतिक प्रक्रिया के प्रसंग में नारीवाद का आशय यह है कि राजनीति व राजनीतिक कार्य–व्यवहार से जुड़े प्रत्येक क्षेत्र में स्त्रियों को पुरूषों के समान भागेदारी प्राप्त होनी चाहिए सार्थक भूमिका के लिए राजनीतिक प्रक्रिया में महिलाओं की कितनी भागेदारी होनी चाहिए इस सम्बन्ध में महिलाओं की प्रस्थिति पर सयुक्त राष्ट्र आयोग ने 1990 में सुझाव दिया है कि निर्णय लेने वाली संरचानाओं में महिलाओ की भागेदारी कम से कम 30% होनी चाहिए। u.n.o. ने महिलाओं सांसदों की संख्या में भारत को विश्व रैकिंग में 148 वे स्थान पर रखा है संसद में महिलाओं के हिस्सेदारी के मामले में खांडा 61.3% के साथ पहले स्थान पर, बोलीविया 53.1% के साथ दूसरे स्थान पर एवं क्यूबा 48.9% के आधार पर तीसरे स्थान पर है वर्तमान कुल लोकसभा के सांसदो की संख्या 543 है जिसमें 62 महिलाएं (11.04%) है। महिलाओं की स्थिति सुधारने हेतू वैश्विक स्तर पर महिला सम्मेलन का आयोजन शुरू हुआ। प्रथम विश्व महिला सम्मेलन मैक्सिको में 1975 में हुआ जिसमें लैगिंक असमानता को रेखांकित किया गया। दूसरा 1980 को पेन हेगन, तीसरा नैराबी 1985 चौथा विश्व महिला सम्मेलन बीजिंग में 1995 में 4 से 5 सितम्बर को हुआ। ये सभी सम्मेलन U.N.O. के नेतृत्व में आयोजित हुए और सभी महिला सम्मेलनों में महिलाओं के स्तर के सुधार पर बल दिया गया और प्रत्येक सम्मेलन में यह भी स्वीकार किया गया कि महिलाओं का अक्षय विकास और पर्यावरण के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका है।

स्वाधीनता आन्दोलन में चाहे महिलाओं ने परोक्ष भूमिका ही निभाई हो पर इसके बाद महिलाओं ने निश्चित रूप से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 1916 में श्रीमती ऐनी बेसेंट ने होमरूल आन्दोलन चलाया इसके बाद महात्मा गाँधी के नेतृत्व में जो असहयोग आन्दोलन, सविनय अवज्ञा आन्दोलन और भारत छोड़ो आन्दोलन चला उसमें महिलाओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। सरोजनी नायडू पहली ऐसी महिला थी जो 1925 में कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष बनी उन्होंने ऐनी बेसेंट व अन्यों के साथ मिलकर 'भारतीय महिला संघ' की स्थापना की थी। उषा मेहता और अरूणा, आसफ अली ने जय प्रकाश व लोहिया के साथ जुडकर भारत छोड़ो आन्दोलन को शक्ति देने के लिए भूमिगत आन्दोलन चलाया। सरोजनी नायडू, हंसा मेहता और श्रीमती दुर्गा बाई देशमुख संविधान सभा की कुछ प्रमुख महिला सदस्य थी।

स्वतन्त्रता पश्चात संविधान स्त्रियों व पुरूषों को समान अधिकार दिये जिसका उल्लेख मौलिक अधिकार व राज्य के नीति–निदेशक तत्वों में है। महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं

है। समस्त विश्व के प्रतिनिधि संस्थाओं में महिला प्रतिनिधित्व 18.4% है पाकिस्तान में महिलाओं का प्रतिनिधि 17%, बाँग्लादेश में 19% तथा नेपाल में 33% है। लेकिन भारत में कभी 10% से ज्यादा महिला प्रतिनिधित्व न हो पाया। इसका अपवाद 15वी व 16वी लोक सभा का निर्वाचन है 15 लोकसभा में 59 महिलाएं तथा 16वीं लोकसभा में 61 महिलाएं चुनाव जीती इस प्रकार यह 10% से ज्यादा के आँकड़े को पार कर गयी। अर्थात् हमारी स्थिति पड़ोसी देशों से अच्छी नहीं हैं।

73वें एवं 74वें संविधान संसोधन 1993 द्वारा जहाँ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की स्थानीय स्व–संस्थाओं की संवैधानिक दर्जा दिये जाने के साथ स्थानीय संस्थाओं में महिलाओं की भागेदारी बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया गया और वह है ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की स्थानीय संस्थाओं में महिलाओं के लिए कम से कम 1/3 (33%) स्थानों का आरक्षण। वास्तव में स्थानीय स्तर पर महिला नेतृत्व राजनीति में महिलाओं की प्रभावपूर्ण भागेदारी की सही शुरूआत है इससे ग्रामीण भारत की दशा व दिशा बदल रही है 2009–2010 में कुछ राज्यों की पंचायती राज व्यवस्था में महिला आरक्षण 33% से बढ़ाकर 50% कर दिया गया है। वास्तव में विधायी संस्थाओं (लोकसभा व राज्य विधान सभाएं) में महिला प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए प्रमुख रूप से दो मार्ग अपनाएं जा सकते है।

प्रथम कानून बनाकर प्रतिनिधि सस्थाओं में महिला आरक्षण की व्यवस्था की जाए। उदाहरण के लिए बाँग्लादेश में 10% आरक्षण, पाकिस्तान में 30% आरक्षण एवं अर्जेन्टाइना में 27% आरक्षण की व्यवस्था है।

द्वितीय राजनीतिक दलो के माध्यम से आरक्षण दिया जाय द्वितीय व्यवस्था के अन्तर्गत राजनीतिक दलो को इस बात के लिए कानूनन बाध्य किया जा सकता है कि उसके द्वारा अपने उम्मीदवारो में से एक निश्चित प्रतिशत महिला उम्मीदवार होने आवश्यक है।

भारत में यद्यपि कुछ व्यक्तियों और समय–समय पर कुछ राजनीतिक दलो ने भी यदा–कदा द्वितीय मार्ग अपनाने का सुझाव दिया। लेकिन प्रमुख दलों कांग्रेस, भाजपा और बामपंथी दलों ने प्रथम मार्ग अपनाने पर ही बल दिया लगभग डेढ़ दशक से इस दिशा में प्रयास किये जा रहे है।

1990 से ही भारतीय राजनीति से यह बात कही जा रही थी कि विधायी संस्थानों से महिलाओं के लिए 1/3 स्थान आरक्षित किये जाने चाहिए। पर इस दिशा में सर्वप्रथम कदम देवगौड़ा सरकार ने उठाया देव गौड़ा सरकार के पद ग्रहण के बाद संसद की महिला सदस्यों ने यह सोचा कि इस चुनावी वायदे की शीध्र ही अमली जामा पहनाया जाय। महिला आरक्षण विधेयक (81वे सवैधानिक संस्थान विधेयक 1996 के प्रावधान) देवगौड़ा सरकार ने पदासीन होने के पश्चात महिला आरक्षण विधेयक तैयार करवाया।

इस विधेयक के मुख्य प्रावधान निम्न है।

1. लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में 33% स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित होगे।
2. महिलाओं के लिये विधायी संस्थाओं में स्थानों का यह आरक्षण 15 वर्ष की अवधि के लिए होगा।
3. विधायी संस्थाओं में महिलाओं के लिए स्थानों का यह आरक्षण 'चक्रानुक्रम की पद्वित' आधार पर होगा। प्रत्येक चुनाव पूर्व लाटरी द्वारा यह निश्चित होगा कि कौन से स्थान महिलाओ के लिए आरक्षित है।
4. महिलाओं के लिए आरक्षित स्थानों में से 1/3 स्थान S.C./S.T. की महिलाओं के लिए आरक्षित होगे।

यह महिला आरक्षण विधेयक लोकसभा में देवगौड़ा सरकार ने रखा। पर कुछ दलों ने में इससे o.B.C. व अल्पसंख्यक वर्गों के आरक्षण की मांग की और कहाँ भारत में केवल लिंगभेद ही नही है अपितू जाति विभेद और साम्प्रदायिक विभेद की स्थिति भी गम्भीर है। ऐसी स्थिति में देवगौड़ा सरकार ने इस विधयेक को संसदीय समिति को सौपा जिसकी अध्यक्ष गीता मुखर्जी थी। इस समिति ने इस विधेयक में कोई भी संसोधन करने इन्कार कर दिया। वास्तव में होना यह चाहिए कि S.C./S.T. का आरक्षण भी इसमें से निकाल दिया जाय और उनके इनके लिए संसद में आरक्षित सीटों में से 1/3 स्थान S.C./S.T. महिलाओं के लिए आरक्षित कर दिया जाय। यह आश्चर्य की बात है कि उक्त महिला आरक्षण अलग–अलग सरकारों के कार्य–काल में 7 बार 1996, 97, 98, 2000, 2002, 2003, एवं 2008 ई0 में प्रस्तावित किया जा चुका है पर प्रत्येक बार विधेयक को उग्र विरोध का सामना करना पड़ा। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार द्वारा मार्च 2010 में इस आशय का विधेयक राज्य सभा में प्रस्तावित किया तथा महिलाओं को

लोकसभा व व विधान सभाओं में आरक्षण देने वाला महिला आरक्षण विधेयक 9 मार्च 2010 ई0 को राज्यसभा द्वारा पारित कर दिया गया था कि 2010 के बजट सत्र में ही यह विधेयक लोकसभा में प्रस्तावित कर दिया जायेगा, लेकिन ऐसा नही किया गया, विशेष कर कुछ दलों के विरोध के कारण।

वास्तव में सरकार समाज में जिस प्रकार गरीब वर्ग को सशक्त बना रही है जरूरत इस बात की है कि वैसा ही प्रयास राष्ट्रीय स्तर पर व अन्तराष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु किया जाय मात्र आरक्षण प्रदान कर देने से महिला सशक्तीकरण का उददेश्य पूरा नही होता। यद्यपि विधानसभा एवं संसद में महिला आरक्षण सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। और इसके साथ–साथ राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं धार्मिक क्षेत्र में महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु सरकार को उचित अवसर प्रदान करना होगा आज की सरकार इस दिशा में प्रयासरत दिखाई देती है महिलाओं की हजारों वर्षो की लम्बी गुलामी की जंजीरों को यकायक तोड़ना सम्भंव नही है वास्तव में यह एक दीर्घकालिक एवं सतत् चलने वाली प्रक्रिया होगी।

## संन्दर्भ ग्रंथ सूची


1. भारतीय शासन एवं राजनीति – फाडिया B.L.
2. भारतीय सरकार एवं राजनीति – राय M.P. एवं त्रिवेदी
3. भारतीय सरकार एवं राजनीति – नारंग A.S.
4. अन्तराष्ट्रीय राजनीति दैनिक समाचार पत्र – फाडिया B.L.

दैनिक समाचार–पत्र

अमर उजाला

दैनिक जागरण

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# श्रीमद्भागवतमहापुराण में वैराग्य विद्या का दिग्दर्शन

**डॉ. सुमन**
प्रोफेसर पतंजलि आयुर्वेद महाविद्यालय, हरिद्वार।
एवं शोधच्छात्रा डी. लिट. पतंजलि विश्वविद्यालय, हरिद्वार।

**Article Info**
Volume 4, Issue 5
Page Number : 22-27

**Publication Issue :**
September-October-2021

**Article History**
Accepted : 01 Sep 2021
Published : 09 Sep 2021

**शोध-सार-** इस संसार में जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त सुख–दु:ख का सिलसिला निरन्तर चलता रहता है। मनुष्य अपनी साधारण दृष्टि से जिसे सुख समझता है, वह भी क्षणिक, दु:खमिश्रित एवं दु:खरूप ही सिद्ध होता है। इसलिए विवेकी व्यक्ति दु:ख की आंशिक एवं आत्यन्तिक निवृत्ति के लिए सदा प्रयत्नशील रहते हैं। दु:ख की अत्यन्त निवृत्ति (मोक्ष) कैसे हो– इसी का एक प्रमुख उपाय वेद, उपनिषद्, दर्शन, मनुस्मृति, रामायण, गीता, महाभारत, पुराण व अन्य काव्य तथा महाकाव्यों में वैराग्य को बताया गया है। इस क्लेश–बहुल संसार में सुखात्मकता की भावना का उद्भावक कोई भी प्रकारन्तर नहीं दीखता। समस्त भूमण्डल के विवेचक, महर्षि पतञ्जलि के इस सूत्र से सहमत हैं– परिणामतापसंस्कारदु:खैर्गुण–वृत्तिविरोधाच्च दु:खमेव सर्वं विवेकिन: परिणाम, ताप, संस्कार व दु:खों से और सत्त्व, रज, तम गुणों के स्वभावों में परस्पर विरोध होने से विवेकी (योगी) के लिए सब दु:ख ही है अर्थात् लौकिक सुख भी दु:ख के समान ही है।

भर्तृहरि ने तो वैराग्यशतकम् में यहाँ तक कह दिया कि संसार में वैराग्य के अतिरिक्त अन्य कोई वस्तु ऐसी नहीं जो पूर्णरूप से अभय देने वाली हो। एकमात्र वैराग्य भाव ही सब ओर से निर्भीकता प्रदान करने वाला है–

**भोगे रोगभयं कुले च्युतिभयं, वित्ते नृपालाद् भयं,**
**मौने दैन्यभयं बले रिपुभयं रूपे जराया भयम्।**
**शास्त्रे वादभयं गुणे खलभयं काये कृतान्ताद् भयं,**
**सर्वं वस्तु भयान्वितं भुवि नृणां वैराग्यमेवाभयम्।।**[1]

वैराग्य के लिए शरीर की रचना को समझना आवश्यक है। विषयों में रमण करने वाले सांसारिक भोगियों की प्रकृति स्वत: ही वासनाओं की मूर्त्तरूप देह की ओर अधिक देखी जाती है। इसी के द्वारा वे इस देह से सुख–दु:ख, भय, शोक, रोग, भोग आदि परिणाम तथा फल निरन्तर प्राप्त किया करते हैं। दूसरी ओर योगी इसी काया के द्वारा त्याग भाव से अनासक्त होकर अपने भोगों की निवृत्ति तथा भोगों की कामना को नष्ट करके परम सुख मोक्ष की ओर चल पड़ते हैं।

**प्रमुख शब्द-** ज्ञान, तृष्णा, मुक्ति, अध्यात्म, नि:श्रेयस, उपरति।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**वैराग्य के हेतु-**

**ज्ञान-** आध्यात्मिक शास्त्रों के अध्ययन व स्वाध्याय करने से यह बोध हो जाता है कि संसार में जो भी कुछ है, वह केवल साधन मात्र है, साध्य नहीं है। इस प्रकार के वैराग्यपरक बोध से सांसारिक पदार्थों में आसक्ति नहीं होती है।

**ईश्वरभक्ति-** जब किसी व्यक्ति की ईश्वर में नि:स्वार्थ भक्ति दृढ़ हो जाती है तो वह भौतिक पदार्थों में आसक्त कभी नहीं होता है; अपितु सभी पदार्थों को ईश्वर का मानकर उनका त्यागभाव से भोग करता है।

**प्रिय व्यक्ति का वियोग-** संसार में प्राय: देखा जाता है कि जब किसी प्रिय व्यक्ति की मृत्यु हो जाती है अथवा वह छोड़कर कहीं ओर चला जाता है तो उसको संसार में कुछ भी अच्छा नहीं लगता और उसकी संसार के प्रति आसक्ति समाप्त होने लगती है।

**संसार की अनित्यता-** जब व्यक्ति को संसार की अनित्यता का अर्थात् अस्थिरता का बोध हो जाता है तो वह सांसारिक पदार्थों का संकलन करने में रूचि नहीं रखता है; अपितु जितने संसाधनों की उसे आवश्यकता होती है, उतने का ही संग्रह करता है अधिक का नहीं।

**भोगों से अतृप्ति-** अनन्तकाल तक भोग भोगते रहने पर भी जब व्यक्ति को तृप्ति नहीं मिलती है तो वह इस बात को समझ जाता है कि भोग भोगने में तृप्ति नहीं मिलेगी अत: इनको छोड़ने में ही लाभ है ऐसा सोचकर के वह भोगों से उन्मुख होने लगता है।

**तृष्णा की असमाप्ति-** बहुत अधिक धन-सम्पत्ति व सुख-साधनों का संग्रह करने पर भी उसे ओर अधिक बढ़ाने की लालसा बनी रहती है, कम या समाप्त नहीं होती है, यह देखकर बुद्धिमान् व्यक्ति संग्रह करना छोड़ देता है और त्याग के रास्ते पर चल पड़ता है।

**भोगों का दुष्परिणाम-** आवश्यकता से अधिक भोगों को भोगने से शरीर का अस्वस्थ हो जाना, मन का अस्थिर हो जाना व इन्द्रियों का विकारयुक्त हो जाना आदि देखकर व्यक्ति भोगों से मुख मोड़कर श्रेष्ठ मार्ग की ओर चल पड़ता है।

**प्रियजनों का दुर्व्यवहार-** संसार में देखा जाता है कि जब कोई अपना प्रियजन व्यक्ति धोखा देता है, दु:ख-सुख में साथ छोड़ देता है। हमारी उन्नति को सहन नहीं करता है अपितु शत्रुता रखता है तो व्यक्ति संसार से उदासीन होकर मुक्ति के मार्ग पर चल पड़ता है।

**सुख की क्षणिकता-** प्रिय से प्रिय सांसारिक वस्तु क्षणिक सुख व शान्ति देने वाली है। यह देखकर विद्वान् व्यक्ति क्षणिक सुख देने वाली सांसारिक वस्तुओं के पीछे न भागकर स्थायी सुख देने वाली मुक्ति की ओर अग्रसर होता है।

**विरक्त व्यक्ति का सान्निध्य-** किसी योगी विरक्त संन्यासी की सन्निधि में रहकर भोगी से भोगी व्यक्ति भी उनके तप व पुरुषार्थ तथा उन्नत, आनन्दित व संतोष से परिपूर्ण जीवन से प्रभावित होकर संसार को त्यागकर मोक्ष पथ पर चल पड़ता है।

संस्कृत वाङ्मय में पुराणों का अतुलनीय महत्त्व है। चतुर्दश विद्याओं में पुराणों की गणना की जाती है। प्रस्तुत शोधपत्र में श्रीमद्भागवतमहापुराणगत वैराग्य विषय का दिग्दर्शन कराया गया है। जैसे कि कहा गया है-

**यः स्वकात्परतो वेह जातनिर्वेद आत्मवान्। हृदि कृत्वा हरिं गेहात्प्रव्रजेत्स नरोत्तमः॥**[2]

**श्रोतव्यादीनि राजेन्द्र नृणां सन्ति सहस्रशः। तेषां प्रमत्तो निधनं पश्यन्नपि न पश्यति॥**[3]

चाहे अपनी समझ से हो या दूसरे के समझाने से- जो इस संसार को दुःख रूप समझकर इससे विरक्त हो जाता है और अपने अन्तःकरण को वश में करके हृदय में भगवान् को धारण कर संन्यास के लिए घर से निकल पड़ता है, वही उत्तम मनुष्य है। जो गृहस्थ घर के काम-धन्धों में उलझे हुए हैं, अपने स्वरूप को नहीं जानते, उनके लिए हजारों बाते कहने-सुनने एवं सोचने, करने की रहती हैं। उनकी सारी उम्र यों ही बीत जाती है। उनकी रात नीन्द या स्त्री-प्रसंग से कटती है और दिन धन की हाय-हाय या कुटुम्बियों के भरण-पोषण में समाप्त हो जाता है। संसार में जिन्हें अपना अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्धी कहा जाता है, वे शरीर, पुत्र, स्त्री आदि कुछ नहीं हैं, असत् हैं; परन्तु जीव उनके मोह में ऐसा पागल-सा हो जाता है कि रात-दिन उनको मृत्यु का ग्रास होते देखकर भी चेतता नहीं।

**योग आध्यात्मिकः पुंसां मतो निःश्रेयसाय मे। अत्यन्तोपरतिर्यत्र दुःखस्य च सुखस्य च॥**[4]

**चेतः खल्वस्य बन्धाय मुक्तये चात्मनो मतम्। गुणेषु सक्तं बन्धाय रतं वा पुंसि मुक्तये॥**[5]

यह मेरा निश्चय है कि अध्यात्मयोग ही मनुष्यों के आत्यन्तिक कल्याण का मुख्य साधन है, जहाँ दुःख और सुख की सर्वथा निवृत्ति हो जाती है। इस जीव के बन्धन और मोक्ष का कारण मन ही माना गया है। विषयों में आसक्त होने पर वह बन्धन का हेतु होता है और परमात्मा में अनुरक्त होने पर वही मोक्ष का कारण बन जाता है।

**प्रसङ्गमजरं पाशमात्मनः कवयो विदुः। स एव साधुषु कृतो मोक्षद्वारमपावृतम्॥**[6]

**इमं लोकं तथैवामुमात्मानमुभयायिनम्। भजन्त्यनन्यया भक्त्या तान्मृत्योरतिपारये॥**[7]

विवेकीजन संग या आसक्ति को ही आत्मा का अच्छेद्य बन्धन मानते हैं; किन्तु वही संग या आसक्ति जब सन्तों-महापुरुषों के प्रति हो जाती है तो मोक्ष का खुला द्वार बन जाती है। जो लोग इहलोक, परलोक और इन दोनों लोकों में साथ जाने वाले वासनामय लिंगदेह को तथा शरीर से सम्बन्ध रखने वाले जो धन, पशु एवं गृह आदि पदार्थ हैं, उन सबको और अन्यान्य संग्रहों को भी छोड़कर अनन्य भक्ति से सब प्रकार मेरा ही भजन करते हैं-उन्हें मैं मृत्युरूप संसारसागर से पार कर देता हूँ।

**अहं ममाभिमानोत्थैः कामलोभादिभिर्मलैः। वीतं यदा मनः शुद्धमदुःखमसुखं समम्॥**

**ज्ञानवैराग्ययुक्तेन भक्तियुक्तेन चात्मना। परिपश्यत्युदासीनं प्रकृतिं च हतौजसम्॥**[8]

जिस समय यह मन मैं और मेरे पन के कारण होने वाले काम-लोभ आदि विकारों से मुक्त एवं शुद्ध हो जाता है, उस समय वह मन सुख-दुःख से छूटकर सम अवस्था में आ जाता है। तब जीव अपने ज्ञान-वैराग्य और भक्ति से युक्त हृदय से आत्मा को प्रकृति से परे, एकमात्र (अद्वितीय), भेदरहित, स्वयंप्रकाश, सूक्ष्म, अखण्ड और उदासीन (सुख-दुःखशून्य) देखता है तथा प्रकृति को शक्तिहीन अनुभव करता है।

**प्रसङ्गमजरं पाशमात्मनः कवयो विदुः। स एव साधुषु कृतो मोक्षद्वारमपावृतम्॥**[9]

**इमं लोकं तथैवामुमात्मानमुभयायिनम्। आत्मानमनु ये चेह ये रायः पशवो गृहाः॥**

**विसृज्य सर्वानन्यांश्च मामेवं विश्वतोमुखम्। भजन्त्यनन्यया भक्त्या तान्मृत्योरतिपारये॥**[10]

विवेकीजन संग या आसक्ति को ही आत्मा का अच्छेद्य बन्धन मानते हैं; किन्तु वही संग या आसक्ति जब सन्तों-महापुरुषों के प्रति हो जाती है तो मोक्ष का खुला द्वार बन जाती है। जो लोग इहलोक, परलोक और इन दोनों लोकों में साथ जाने वाले वासनामय लिंगदेह को तथा शरीर से सम्बन्ध रखने वाले जो धन, पशु एवं गृह आदि पदार्थ हैं, उन

सबको और अन्यान्य संग्रहों को भी छोड़कर अनन्य भक्ति से सब प्रकार मेरा ही भजन करते हैं-उन्हें मैं मृत्युरूप संसारसागर से पार कर देता हूँ।

**एवं विदिततत्त्वस्य प्रकृतिर्मयि मानसम्। युञ्जतो नापकुरुत आत्मारामस्य कर्हिचित्॥**

**यदैवमध्यात्मरतः कालेन बहुजन्मना। सर्वत्र जातवैराग्य आब्रह्मभुवनान्मुनिः॥**[11]

**यं यमर्थमुपादत्ते दुःखेन सुखहेतवे। तं तं धुनोति भगवान् पुमाञ्छोचति यत्कृते।**

**यदध्रुवस्य देहस्य सानुबन्धस्य दुर्मतिः। ध्रुवाणि मन्यते मोहाद् गृहक्षेत्रवसूनि च॥**[12]

उसी प्रकार जिसे तत्त्वज्ञान हो गया है और जो निरन्तर मुझमें ही मन लगाये रहता है, उस आत्माराम मुनि का प्रकृति कुछ भी नहीं बिगाड़ सकती। जब मनुष्य अनेकों जन्मों में बहुत समय तक इस प्रकार आत्मचिन्तन में ही निमग्न रहता है, तब उसे ब्रह्मलोकपर्यन्त सभी प्रकार के भोगों से वैराग्य हो जाता है। जीव सुख की अभिलाषा से जिस-जिस वस्तु को बड़े कष्ट से प्राप्त करता है, उसी-उसी को भगवान् काल विनष्ट कर देता है-जिसके लिए उसे बड़ा शोक होता है। इसका कारण यही है कि यह मन्दमति जीव अपने इस नाशवान् शरीर तथा उसके सम्बन्धियों के घर, खेत और धन आदि को मोहवश नित्य मान लेता है।

**ये स्वधर्मान्न दुह्यन्ति धीराः कामार्थहेतवे। निःसङ्गान्यस्तकर्माणः प्रशान्ताः शुद्धचेतसः॥**

**निवृत्तिधर्मनिरता निर्ममा निरहङ्कृताः। स्वधर्माख्येन सत्त्वेन परिशुद्धेन चेतसा॥**[13]

**ये त्विहासक्तमनसः कर्मसु श्रद्धयान्विताः। कुर्वन्त्यप्रतिषिद्धानि नित्यान्यपि च कृत्स्नशः॥**

**रजसा कुण्ठमनसः कामात्मानोऽजितेन्द्रियाः। पितृन् यजन्त्यनुदिनं गृहेष्वभिरताशयाः॥**[14]

जो विवेकी पुरुष अपने धर्मों का अर्थ और भोग-विलास के लिए उपयोग नहीं करते, अपितु भगवान् की प्रसन्नता के लिए ही उनका पालन करते हैं- वे अनासक्त, प्रशान्त, शुद्धचित्त, निवृत्तिधर्मपरायण, ममतारहित और अहङ्कारशून्य पुरुष स्वधर्मपालनरूप सत्त्वगुण के द्वारा सर्वथा शुद्धचित्त हो जाते हैं। जिनका चित्त इस लोक में आसक्त है और जो कर्मों में श्रद्धा रखते हैं, वे वेद में कहे हुए काम्य और नित्य कर्मों का साङ्गोपाङ्ग अनुष्ठान करने में ही लगे रहते हैं। उनकी बुद्धि रजोगुण की अधिकता के कारण कुण्ठित रहती है, हृदय में कामनाओं का जाल फैला रहता है और इन्द्रियाँ उनके वश में नहीं होती; बस अपने घरों में ही आसक्त होकर वे नित्यप्रति पितरों की पूजा में लगे रहते हैं।

**एतावानेव योगेन समग्रेणेह योगिनः। युज्यतेऽभिमतो ह्यर्थो यदसङ्गस्तु कृत्स्नशः॥**[15]

**यथा महानहंरूपस्त्रिवृत्पञ्चविधः स्वराट्। एकादशविधस्तस्य वपुरण्डं जगद्यतः॥**

**एतद्वै श्रद्धया भक्त्या योगाभ्यासेन नित्यशः। समाहितात्मा निःसङ्गो विरक्त्या परिपश्यति॥**[16]

सम्पूर्ण संसार में आसक्ति का अभाव हो जाना-बस, यही योगियों के सब प्रकार के योगसाधन का एकमात्र अभीष्ट फल है। जिस प्रकार एक ही परब्रह्म महत्तत्त्व, वैकारिक, राजस और तामस-तीन प्रकार का अहङ्कार, पंचमहाभूत एवं ग्यारह इन्द्रियरूप बन गया और फिर वही स्वयंप्रकाश इनके संयोग से जीव कहलाया, उसी प्रकार उस जीव का शरीररूप यह ब्रह्माण्ड भी वस्तुतः ब्रह्म ही है, क्योंकि ब्रह्म से ही इसकी उत्पत्ति हुई है। किन्तु इसे ब्रह्मरूप वही देख सकता है, जो श्रद्धा, भक्ति और वैराग्य तथा निरन्तर के योगाभ्यास के द्वारा एकाग्रचित्त और असंगबुद्धि हो गया है।

**इन्द्रियैर्विषयाकृष्टैराक्षिप्तं ध्यायतां मनः।**

**चेतनां हरते बुद्धेः स्तम्बस्तोयमिव ह्रदात्॥**[17]

जो लोग विषयचिन्तन में लगे रहते हैं, उनकी इन्द्रियाँ विषयों में फंस जाती हैं तथा मन को भी उन्हीं की ओर खींच ले जाती हैं। फिर तो जैसे जलाशय के तीर पर उगे हुए कुशादि अपनी जड़ों से उसका जल खींचते रहते हैं, उसी प्रकार वह इन्द्रियासक्त मन बुद्धि की विचारशक्ति को क्रमशः हर लेता है। भरत ऋषि राजा रहूगण को उपदेश देते हैं-

**देहेऽस्थिमांसरुधिरेऽभिमतिं त्यज त्वं जायासुतादिषु सदा ममतां विमुञ्च।**

**पश्यानिशं जगदिदं क्षणभङ्गनिष्ठं वैराग्यरागरसिको भव भक्तिनिष्ठः॥**[18]

यह शरीर हड्डी, मांस और रुधिर का पिण्ड है; इसे आप मैं मानना छोड़ दें और स्त्री-पुत्रादि को अपना कभी न मानें। इस संसार को रात-दिन क्षणभंगुर देखें, इसकी किसी भी वस्तु को स्थायी समझकर उसमें राग न करें। बस, एकमात्र वैराग्यरस के रसिक होकर भगवान् की भक्ति में लगे रहें। भगवद्भजन ही सबसे बड़ा धर्म है, निरन्तर उसी का आश्रय लिए रहें। अन्य सब प्रकार के लौकिक धर्मों से मुख मोड़ लें। सदा साधुजनों की सेवा करें। भोगों की लालसा को पास न फटकने दें तथा शीघ्र-से-शीघ्र दूसरों के गुण-दोषों का विचार करना छोड़कर एकमात्र भगवत्सेवा और भगवान् की कथाओं के रस का ही पान करें।

**यथा प्रदीपो घृतवर्तिमश्नन् शिखाः सधूमा भजति ह्यन्यदा स्वम्।**

**पदं तथा गुणकर्मानुबद्धं वृत्तीर्मनः श्रयतेऽन्यत्र तत्त्वम्॥**[19]

विषयासक्त मन जीव को संसार-संकट में ड़ाल देता है, विषयहीन होने पर वही उसे शान्तिमय मोक्षपद प्राप्त करा देता है। जिस प्रकार घी से भीगी हुई बत्ती को खाने वाले दीपक से तो धुएं वाली शिखा निकलती रहती है और जब घी समाप्त हो जाता है तब वह अपने कारण अग्नितत्त्व में लीन हो जाती है उसी प्रकार विषय और कर्मों से आसक्त हुआ मन तरह-तरह की वृत्तियों का आश्रय लिये रहता है और इनसे मुक्त होने पर वह अपने तत्त्व में लीन हो जाता है।

**तस्मिन् कलेवरेऽमेध्ये तुच्छनिष्ठे विषज्जते। अहो सुभद्रं सुनसं सुस्मितं च मुखं स्त्रियः॥**

**त्वङ्मांसरुधिरस्नायुमेदोमज्जास्थिसंहतौ। विण्मूत्रपूये रमतां कृमीणां कियदन्तरम्॥**

**अथापि नोपसज्जेत स्त्रीषु स्त्रैणेषु चार्थवित्। विषयेन्द्रियसंयोगान्मनः क्षुभ्यति नान्यथा॥**

**अदृष्टादश्रुताद् भावान्न भाव उपजायते। असम्प्रयुञ्जतः प्राणान् शाम्यति स्तिमितं मनः॥**[20]

यह शरीर मल-मूत्र से भरा हुआ अत्यन्त अपवित्र है। इसका अन्त यही है कि पक्षी खाकर विष्ठा कर दें, इसके सड़ जाने पर इसमें कीड़े पड़ जाएँ अथवा जला देने पर यह राख का ढेर हो जाए। ऐसे शरीर पर लोग लट्टू हो जाते हैं और कहने लगते हैं-अहो! इस स्त्री का मुखड़ा कितना सुन्दर है! नाक कितना सुघड़ है और मन्द-मन्द मुस्कान कितनी मनोहर है। यह शरीर त्वचा, माँस, रुधिर, स्नायु, मेदा, मज्जा और हड्डियों का ढेर और मल-मूत्र तथा पीब से भरा हुआ है। यदि मनुष्य इसमें रमता है तो मल-मूत्र के कीड़ों में और उसमें अन्तर ही क्या है। इसलिए अपनी भलाई समझने वाले विवेकी मनुष्य को चाहिए कि स्त्रियों और स्त्री-लम्पट पुरुषों का संग न करे। विषय और इन्द्रियों के संयोग से ही मन में विकार होता है; अन्यथा विकार का कोई अवसर ही नहीं है। जो वस्तु कभी देखी या सुनी नहीं गयी है, उसके लिए मन में विकार नहीं होता। जो लोग विषयों के साथ इन्द्रियों का संयोग नहीं होने देते, उनका मन अपने-आप निश्चल होकर शान्त हो जाता है।

**निष्कर्ष-** श्रीमद्भागवतपुराण में न जाने कितने सारे प्रसंग आसक्ति को छोड़कर मुक्ति की ओर ले चलने वाले हैं। इनका अति संक्षिप्त दिग्दर्शन यहाँ कराया गया है। इस संसाररूपी नदी से पार होकर ही जीवन सुखी हो सकता है। यह संसार

एक बहुत भंयकर नदी है। इस नदी को पार करना ही मनुष्य का मुख्य उद्देश्य है। बिना वैराग्यरूपी नाव के इस नदी को पार नहीं किया जा सकता। अत: सभी मनुष्यों को इस वैराग्यरूपी नाव में बैठकर इस नदी को पार करना चाहिए। मोहरूप पाशों को तथा मृत्युरूप पाशों को खोलने की बात का तो विशद् वर्णन प्रकृत पुराण में मिलता है। जिसका प्रत्यक्ष उपर्युक्त विवरण के द्वारा हम सबको प्राप्त हुआ।

**सन्दर्भ-**


1. श्री भर्तृहरि, 1976 ई., चौखम्बा विद्या भवन, वाराणसी, उ.प्र., वैरा.श. 31
2. मोतीलाल जालान, सम्वत् 2033, गीता प्रेस गोरखपुर, उ.प्र., श्रीमद्.म.पु. 1.13.26
3. वही. 2.1.2-4
4. वही. 3.25.13
5. वही. 3.25.15
6. वही. 3.25.20
7. वही. 3.25.39,40
8. वही. 3.25.16-18
9. वही. 3.25.20
10. वही. 3.25.39,40
11. वही. 3.27.26,27
12. वही. 3.30.2,3
13. वही. 3.32.5,6
14. वही. 3.32.16,17
15. वही. 3.32.27
16. वही. 3.32.29,30
17. वही. 4.22.30
18. वही. 4.22.79,80
19. वही. 5.11.8
20. वही. 11.26.20-23

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 5 | ISSN : 2581- 6306

# Gender And Imposed Masculinity in The Novels of Earnest Hemingway

**Dr. Anita Goswami**
Assistant Professor, Department of English, IEC University, Himachal Pradesh India.
**Balbir Kaur Bhasin**
Research Scholar, Department of English, IEC University, Himachal Pradesh , India.

**Article Info**
Volume 4, Issue 5
Page Number : 28-33

**Publication Issue :**
September-October-2021

**Article History**
Accepted : 01 Sep 2021
Published : 09 Sep 2021

**ABSTRACT**

The God has created this beautiful world and in this beautiful, world he has sent some beautiful artists, known as Gender. There is a great controversy on Gender roles. Gender is nothing but a social construct. It is our society who decides certain norms for male and female performance in the society. Gender performance is based on our expressions and behavior. But sometimes Gender role becomes the hurdles in the growth of humanity when it is imposed by the society.

Ernest Hemingway (1898–1961), is a most famous writer who has contributed greatly to the history of American literature or even world literature. He left the world with a series of vivid characters and a fresh wind of conciseness. Through a series of prominent novels like The Sun Also Rises, A Farewell to Arms, For Whom the Bell Tolls, and The Old Man and the Sea, we can sense his profound thoughts against war and humanism. The suffering of his protagonists is just what Hemingway has suffered, such as the wounds from the wars, the insomnia, and strong frustrations.

Psychoanalysis is one of the modern theories that are used in English literature. It is a theory that is regarded as a theory of personality organization and the dynamics of personality that guides psychoanalysis. It is known that the closet connection between literature and psychoanalysis has always been deployed by the academic field of literary criticism or literary theory. Among the critical approaches to literature, the psychoanalysis has been one of the most controversial and for many readers the least appreciated. In spite of that it has been regarded one of the fascinating and rewarding approach in the application of interpretative analysis.

**Keywords : -** Gender, psychoanalysis, Insomnia, Humanism, Unconscious, Subconscious

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

Psychoanalysis is one of the modern theories that are used in English literature. It is a theory that is regarded as a theory of personality organization and the dynamics of personality that guides psychoanalysis. It is known that the closet connection between literature and psychoanalysis has always been deployed by the academic field of literary criticism or literary theory. Among the critical approaches to literature, the psychoanalysis has been one of the most controversial and for many readers the least appreciated. In spite of that it has been regarded one of the fascinating and rewarding approach in the application of interpretative analysis. This psychological interpretation has become one of the mechanisms to find out the hidden meaning of a literary text. It also helps to explore the innate conglomerate of the writer's personality as factors that contribute to his experience from birth to the period of writing a book. The goal of psychoanalysis was to show that behavior which was caused by the interaction between unconscious and unconsciousness.

Psychoanalytic theory used in English Literature: A Descriptive Study aims to explore where psychoanalysis has been used by the author's in his/her literary works in English literature., The early 20th century marking the beginning of modern psychology and with the pace of this psychology the psychological analysis of literary texts evolved. This method of critiquing used the concepts advocated by noted sociologists, including Carl Jung, Alfred Adler and Otto Rank and above all Sigmund Freud. It was first used or developed as a method of therapy for neuroses by Freud, but very soon expanded it to account for many expanded developments and practices in the history of civilizations including warfare, mythology, religion, literature and other arts. In the process of explaining literature psychoanalysis has been used and in the process literature has been used as a source for psychoanalytic conceptions. We noticed that literary criticism has used psychoanalysis theory to interpret literature and literature has also attempted to exploit and use psychoanalysis for creative purposes. Psychology is the scientific study of the mind and behavior.

Psychologists are actively involved in studying and understanding mental processes, brain functions, and behavior. The field of psychology is considered a "Hub Science" with strong connections to the medical sciences, social sciences, and education. Mood and personality disorders. How cognitive, affective, and social processes influence judgment and choice. Regarded as the father of psychology, Sigmund Freud was the founder of psychoanalysis and one of the most influential doctors of the 20th century. He introduced new theories, changed the way people thought and left an impact on the field of psychology seen even in the 21st century. But along with his theories of the unconscious, and the development of therapeutic techniques, he was also notorious for controversial concepts.

Psychological criticism deals with the work of literature primarily as an expression, in fictional form, of the state of mind and the structure of personality of individual author. If we look at the history of psychology we will find that psychoanalysis started from the medical profession. Entering into psychology, it spread into other fields of study and finally permeated literary studies as one of the different approaches to literature. The idea of psychoanalysis revolves round the concept that peoples' actions are determined

by their restored ideas of the recurrent events. Ernest Miller Hemingway was an American novelist, short story writer, and journalist. He was born on July, 21 1899. Ernest Hemingway was the first son and the second child born to Clarence Edmonds "Doctor Ed" Hemingway, a country doctor, and Grace Hall Hemingway.

His economical and understated style had a strong influence on 20th-century fiction, while his life of adventure and his public image influenced later generations. Hemingway produced most of his work between the mid-1920s and the mid-1950s, and won the Nobel Prize in Literature in 1954. He published seven novels, six short story collections, and two non-fiction works. Additional works, including three novels, four short story collections, and three non-fiction works, were published posthumously. Many of his works are considered classics of American literature. In 1959, he bought a house in Ketchum, Idaho, where he committed suicide in the summer of 1961.

Ernest Hemingway has occupied a space in the critical and cultural imagination as a definitively “masculine” writer. His novels and stories focus on male narrators in difficult or extreme situations involving war, violence, and the natural world, and his critical heritage has focused on these elements and on Hemingway’s personal life in order to maintain this characterization. Recent feminist re-evaluations of Hemingway’s works, however, have led to new readings which complicate the issue of gender identity in his works and provide a basis for renewed discussions of masculinity and the Hemingway hero. Hemingway’s landscapes provide another avenue through which to navigate these discussions, as they, like the masculinities his works explore, cannot be reduced to one layer of significance or to one gender. The world during the early twentieth century was characterized by turbulence and confusion.

As a result, identity, gender and social classes were lost even the individual lives lost their principals. Many people were trying to make sense of their lives and stood against the face of war Hemingway’s characters are traumatized like Hemingway, because he lived in a period of war and tried to translate his experience of war into narrative. He lived again the trauma through his character. He used his traumatic experiences into his character Frederic Henry to show the violence of trauma and its influence. Most of his novels of war show trauma of his character, we can say that Hemingway stayed in the circle of trauma and escaping from his traumatic situation as his disturbed reality Themes of the first world war appeared in most of Hemingway’s writings which captures a change in the psychological life.Therfore,Hemingway’s fiction presented personal and social trauma that resulted from WWI events, most of his fictional works show the trauma that have been experienced in the early twentieth century. Earnest Hemingway, through reading his novel, engages the psychic, personal and social trauma that initiated with the First World War. The novel considered in this study presents the violence of trauma that have been experienced in the early 20th also captured the trauma occurring in the 20th century at large.

Hemingway to explore truthfully how the crucial events of war have influenced the psychology of human beings.Hemingway,depict soldiers and characters who try hard to recollect their traumatic memories that help us to see their real suffering. He First World War is a push for masculinity. It matured young man because it obliged men to be a masculine and responsible. The majority of men during the war found themselves obliged to fight in order to survive, A :Psycho-analytic approach : Vtictims of trauma do not expose to the real experience of trauma rather they present something different as memory, flashbacks and other repeated phenomena. Psychological trauma can be in the form of loosing beloved, experiencing too, recalling past memories, depression or homelessness. Individuals who passed through these experiences will have an emotional trauma that affects their minds and even thoughts.'

War is the most dynamic feature of Hemingway's "*A Farewell to Arms*". It is not merely a passive backdrop to a story which hinges on love, sexuality and disillusionment, on the contrary, it is the primary protagonist of the novel: humanized and empowered. The dual strands of love and sexuality run in accordance with the physical and moral magnitude of the war. This powerful depiction of war serves to highlight the undeniable importance of the outdoors, the wild and the natural in Hemingway's fiction. Though never glorified, war is presented parallel to the protagonists and it runs through the greater emotions of love, loss and suffering adding to the fierce beauty of the novel. The study will focus on Hemingway's interpretation of sexuality, not only as a decisive force in channelizing the life of the lost generation but also as generating love which resembles the war in its absurdity, unorthodoxy and futility. In doing so, various aspects of love and sexuality in "*A Farewell to Arms*" will be explored through the lens of war , emphasizing the role played by war in curbing the psychology, sensibility and sexuality of the characters and in lending vitality and passion to Hemingway's most celebrated lovers: Henry and Catherine. The study also aims to show how Hemingway's protagonists in "A Farewell to Arms" discover love and experience self awakening through the aggression of war and how war casts a catalytic effect on their feelings and emotions producing a love which is as intense and destructive.

In Ernest Hemingway's *The Old Man and the Sea*, we meet an old, yet determined fisherman, Santiago, who is strong. His best days are not behind him, despite an 84 days streak of bad luck. With his young companion no longer able to fish with him, Santiago sets out to fish farther than any other fisherman, even though he is alone. The events that occur both during and after the fishing trip, reveal a lot about the mindset of Santiago. In this paper we discuss how the story's plot and characters, including Santiago, are portrayed through these themes of struggle and suffering. There are various elements of struggle that take place in the story. Whether human or animal, this story focuses a great deal on the power of struggle in one's life.

The novel opens with the struggle of old Santiago who is the hero of the novel, to catch a fish because he has failed to bring a fish for eighty four days though he is an experienced fisher man in Cuba. And also, the hero of Hemingway is a baseball lover. This failure of Santiago to catch a fish makes him the laughing stock in the village. Anyhow the little boy Manolin, the apprentice of Santiago keeps his eye

upon the old man to take care of his meals and such things, though his parents force him to go with another boat, because of the bad luck of Santiago. Then to avoid his bad luck, Santiago plans to sail far into the sea, because he believes that man is not made for defeat.

In *The old man and the Sea* Santiago symbolizes Jesus Christ and the nature of human beings who don't like to accept defeat in their lives. When Santiago fights with Marlin, he suffers so much. However, he bears all these sufferings without complaining about it. And also he doesn't like to accept defeat, because he believes that man has been made not for defeat Manolin is the young boy who follows Santiago. In *The Old Man and the Sea*.

Manolin symbolizes the youth of Santiago and the disciples of Jesus. And he symbolizes the responsibility of youth for the elders. When the old man would look at Manolin he would see himself at a younger age. Manolin symbolizes the disciples of Jesus. Manolin gives his care towards the old man and that represents the youngsters, who look up to the elders of the society. All the other fishermen in the story are the people who used new equipment for fishing while Santiago goes to fish in a small skiff. When Santiago brings the skeleton of the large marlin, they try to put him down by saying the following. Hemingway uses these fisher men and the proprietors of the coffee shop for the symbolical representation of the people who don't like to appreciate others.

The fishes represent anyone who would only think about themselves rather than others. In some ways the fishes are like the sharks wanting to take things away from Santiago while Santiago is much like the Marlin. In the novel many incidents can be seen which are similar to the life of Jesus. He doesn't try to impress the reader with an artificial complicated and unrealistic story. It is a fact that every word of the story plays an essential part and none is superfluous or meaningless. This is the reason why the story is so beautiful and unique in the literary world.

Among all Hemingway's works, *The Sun Also Rises* is the most typical one to his unique language style. Its language is simple and natural, and has the effect of directness, clarity and freshness. This is because Hemingway always manages to choose words concrete, specific, more commonly found, more Anglo-Saxon, casual and conversational. He seldom uses adjectives and abstract nouns, and avoids complicated syntax. Hemingway's strength lies in his short sentences and very specific details. His short sentences are powerfully loaded with the tension, which he sees in life. Where he does not use a simple and short sentence, he connects the various parts of the sentence in a straightforward and sequential way. We can see the words are very colloquial. Thus the speech comes to the reader as if he were listening. Hemingway has captured the immediacy of dialogue skillfully and has made the economical speech connotative. The simple sentences and the repeated rhythms hit at the profundities that the surface of the language tries to ignore. Its simplicity is highly suggestive and connotative, and often reflects the strong undercurrent of emotion. Indeed, the more closely the reader watches the less rough and simple the characters appear. In Death in the Afternoon, Hemingway uses an effective metaphor to describe his writing style. If a writer of

the prose knows enough about what he is writing about, he may omit things that he knows and the reader, if the writer is writing truly enough, will have a feeling of those things as strongly as though the writer had stated them.

The author seldom expresses his own feelings directly, nor does he make any comments or explanations. On the contrary, he tries to narrate and describe things objectively and blend his own feelings harmoniously to the natural narration and description. In *The Old Man and The Sea* action is fishing. To the hero, fishing is not simply of contest in life. It contains profound philosophic meaning. In addition, two details, the baseball match and the hand wresting with the Negro, like fishing, symbolize the contest in life. They compensate and enrich the inner meaning of the main plot of fishing. So the simplicity of the novel is highly suggestive. So Hemingway has formed narrative and dialogue, which though natural and simple on the surface, actually in this novel the author combines elements that are realistic with elements that are stylized and heightened.

## Work Cited


1. Kennedy, J. Gerald. "Hemingway's Gender Trouble." American Literature, 1991.
2. Hatten, Charles. "The Crisis of Masculinity, Reified Desire, and Catherine Barkley in "A Farewell to Arms." *Journal of the History of Sexuality*, vol. 4, no. 1, 1993.
3. Leslie A. Fiedler: Love and Death in the American Novel. New York: Dell, 1960.
4. Hewson, Marc. "The Real Story of Ernest Hemingway": Cixous, Gender, and A Farewell to Arms." *The Hemingway Review*, vol. 22, no. 2, 2003.
5. Kolodny, Annette. *The Lay of the Land*. University of North Carolina Press, 1975.
6. Marcuse, Herbert. *Eros and Civilization: A Philosophical Inquiry into Freud*. Vintage, 1961.
7. Nyman, Jopi. *Men Alone: Masculinity, Individualism and Hard-Boiled Fiction*. Rodopi, 1997,
8. Romesburg, Rod. "Shifting Orders: Chaos and Order in For Whom the Bell Tolls." *Hemingway and the Natural World*, edited by Robert E. Fleming, University of Idaho Press, 1999.
9. Soper, Kate. "Naturalized Woman and Feminized Nature." *The Green Studies Reader: From Romanticism to Ecocriticism*, edited by Laurence Coupe, Rutledge, 2008.
10. Traber, Daniel S. "Performing the Feminine in *A Farewell to Arms.*" *The Hemingway Review*, vol. 24, no. 1, 2005.
11. Warren, Robert Penn. "Hemingway," *The Kenyon Review*, vol. 1, no. 9, 1947.
12. Wexler, Joyce. "*E.R.A. for Hemingway: A Feminist Defense* of "A Farewell to Arms."" *The Georgia Review*, vol. 34, no. 1, 1981.
13. Wexler, Joyce. "*E.R.A. for Hemingway: A Feminist Defense* of "A Farewell to Arms."" *The Georgia Review*, vol. 34, no. 1, 1981.
14. Wilhelm, Randall S. "Objects on a Table: Anxiety and Still Life in Hemingway's A Farewell to Arms." *The Hemingway Review*, vol. 26, no. 1, 2006.

Shodhshauryam
International Scientific Refereed Research

Publisher
Technoscience Academy
Website : www.technoscienceacademy.com
Email: info@technoscienceacademy.com

Email: editor@shisrrj.com